The sustained development of the tea industry which provides employment to over two million people, has been and continue to be a vital concern of the Government in view of India's position as the largest producer, consumer and exporter of tea. The industry has registered considerable progress since Independence, the production having gone up from 227 million Kgs. to 585 million Kgs., and yields from 900 kgs. per hectare to 1500 kgs, per hectare.

During this period like other agricultural commodities, the tea industry had spells of boom and stagnation. Instances of sickness and periods of stagnation are common features in all sectors of economic activity all over the world and are not unique to the tea industry.

श्री मोहम्मद इस्माइल : मंत्री महोदया क्या बोल रहीं हैं या पढ़ रही हैं, कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

श्रीमती राम दुलारी सिन्हा : माइक्रोफोन लगाकर सुनिए।

श्री मोहम्मद इस्माइल : माइक्रोफोन नहीं चल रहा है।

SHRIMATI RAM DULARI SINHA : Stagnation and sickness in agaricultural commodities like tea may be the result of agro-climatic factors, depressed marketing conditions on account of over-supply, lowering of real prices accompanied by inrceased cost of production.

मुझे उम्मीद है, इस्माइल साहब अब ठीक से सुन रहे होंगे।

In recent years, the tea industry in India has had to face intense competition from the newly emerging tea growing countries equipped with the latest machinery and producing tea in virgin areas from young. bushes.

Prevention is better than cure, Government. on the basis of continuous dialogue with industry, has attempted to anticipate difficulties and take appropriate measures for constant improvements and increased yields, to keep pace with rising costs. New areas need to be planted, and old areas subjected to rejuvenation and re-planting, in order to increase production to meet the increasing requirements within the country as well as to maintain our position abroad. The effects of fluctuation in international markets are sought to be mitigated by intensive promotional campaigns, as well as efforts to arrive at an international tea agreement.

It is obvious that for an agricultural commodity like tea, sickness may not only result on account of mirmanagement. By and large, the industry has been doing well. However, Government of India did note with increasing concern cases of mismanagement, neglect and over-exploitation of tea estates that were brought to its notice. There have been complaints of neglect of tea gardens, by unscrupulous owners resorting to short term measures to increase production by over-exploitation, without any inten-

tion of investing money to maintain the tea gardens. Essential measures like application of fertilizers and pesticides, re-planting and maintenance activities were being neglected.

There were even complaints of felling of trees for use as fire-wood and disregard for labour welfare measures, including non-payment of labour dues for 7 to 8 years. Certain tea gardens had defaulted in making payments to banks and financial institutions. Yields had come down' drastically.

It was necessary to arm government with powers, to prevent over-exploitation and reckles mismanagement as well as to be able to take measures for restoring the gardens to health.

Chapter 3(A) of the Tea Act was introduced in 1976 with this objective. The provisions are along the lines of similar provisions (Development & Regulation) Act, for take-over of management and control of schedule industries, for a specified period. These amendments provide for a takeover period of five years extendable by another two years. The total period of takeover is now proposed to be increased from 7 years to 11 years.

At present, 5 sick tea gardens are being managed under the provisions of the Tea Act. The revival of these gardens has not been on easy task. The gardens have arrived at their present stage of sickness as a result of years of neglect and over exploitation. Large investments are now needed to restore them to health. Mismanagement had also created discontent and unrest among labour. This situation can be improved only gradually, some cases, owners of the taken-over gardens have involved the authorised persons in litigations. This has delayed implementation of necessary programmes for restoration and revival of such gardens. More or less coinciding with the period of take-over, the tea industry has been passing through a period of stagnation and this has made the task of restoring these gardens to financial viability even more difficult.

The tea industry has recently started picking up and with rising demand for tea, both at home and abroad, it is expected that this trend will continue. It is hoped that the extension of management take-over period will help to improve the financial viability of the taken over gardens and enable a proper assessment of their long-term potential.

Despite various difficulties, the taken-over gardens have registered the following improvements since the date of take over :—

(a) By and large, the statutory liabilities for wages and other dues to labour have been discharged by the authorised persons.

(b) The productivity and output have registered increase after take over.

(c) Essential maintenance and repairs have been carried out in spite of difficulties relating to litigation and finance.

(d) The very fact of take over of management of some tea gardens has served to warn unscrupulous garden owners from reckless mismanagement of the gardens.

While it would be pointless to continue to extend the period of take-over of gardens which are assessed to be patently non-viable the Government must fully satisfy itself that such gardens have gone beyond the stage of recovery and revival. In case the gardens are denotified without such efforts, the socioeconomic objectives of take-over to help the the revlival of the gardens and prevent unemployment will be defeated.

De-notification on a large scale may also encourage every unscrupulous owner to resort to seeking quick profits through over-exploitation and then abandon the gardens to their fate. This may also have a snow-balling effect on the the tea industry.

In line with the guidelines, issued by government relating to the policy on sick industries, the Tea Board is in constant touch with the banking and financial institutions in order to be able to monitor sickness and take timely corrective action. There may be cases where policy initiatives are required in order to prevent sickness. A flexible approach has to be adopted.

For instance, fiscal measures whitch seem perfectly reasonable during a period of boom may start acting as a drag in a period of stagnation. An existing development scheme may become unworkable, with the

change in the economics of production and may need revision. Here, I may quote the examble of the Darjeeling Tea Industry. Drajeeling tea has become a legend and has been considered synonymous with premium quality fetching fancy prices. However, market conditions and consumptton patterns have changed. The demand is small as compared to other types of tea and real prices have remained stagnant. Productivity increase has been low, on account of special topographical and agro-climatic factors. At the same time, the cost of production has risen on account of the increase in cost of labour and other inputs.

In order to tackle this problem, a three fold strategy is being evolved. Special marketing efforts are needed to obtain premium prices for Darjeeling tea. Research and development efforts have to be concentrated to increase productivity and reduce the cost of cultivation. Fiscal levies will have to be reviewed to ensure that production of Darjeeling tea does not remain unremunerative and incentives have to be provided to encourage investment and rejuvenation. Work on preparation of appraisal reports for Darjeeling tea gardens has been started by Tea Board in consultation with the banks, so that the interest-subsidy scheme can be successfully implemented.

As I have already mentioned, there may be cases where in spite of efforts by the Tea Board, banks and necessary policy initiatives by the Governments, problems of sickness still remain. Wherever mismanagement is identified, as the primary cause, the solution would lie in management takeover, followed by attempts at revitalisation. After an initial period of takeover there are various options available to Government. The gardens may be sold as a going concern, after initiating liquidation proceedings of the owning company, which has mismanaged the gardens. Alternatively, attempts can be made for merger of such units with healthy units. Nationalisation will have to be considered if other means fail and the tea gardens are assessed to be potentially viable. There may however be cases where the tea gardens are assessed to be potentially non-viable, in which case, nationalisation would serve no purpose and would simply be a permanent drain on the exchequer In such cases, the decision of management takeover, may be the only course left.

In view of the socio-economic implications of closure, every effort has to be made to examine the possibilities for revival. The management takeover period may have to be rather long, in view of the long gestation period, before a proper assessment can be made.

It would not be out of place to mention here that under the ID & R Act, 1951, the provision for management taken over period is five years, extendable by a maximum of 12 years. The Tea Act provides for takeover for five years, extendable by another two years. On the basis of the experience of taken over gardens, Government is of the considered view that a period of seven years is not adequate in all cases, to provide effectively for all the management and developmental inputs necessary to restore the gardens back to health. Some time is lost in initial litigation, regarding takeover. The tea plant has a gestation period of about six years. Appraisal of the economics of the estate and a phased programme of rehabilitation would therefore require another eight to nine years. I have not proposed an open ended or unduly prolonged take over period. At the same time the take over period should be sufficient to allow for rehabilitation or to come to a conclusive finding that the garden is patently non-viable. I am therefore unable to agree to a longer take over period, as suggested by some Honourable Members.

To sum up, I would like to reassure the House that Government is fully seized of the problems of the tea industry. Efforts are constantly being made in consultation with the tea industry, to ensure increased production, to meet the rising domestic demand as well as to retain our primaey in the export market. The Governmenr is fully alive to the needs of market promotion for maintaining our exports in the face of increasing competition and increased foreign exchange earnings required by increasing the export of value-added teas. Consultations are being held with the State Governments to extend tea production to non-traditional areas. Schemes to revitalise the existing plantations are under constant review and new schemes are being evolved. Government is closely monitoring the

industry in order to take appropriate measures on signs of sickness and stagnation.

I would urge the House to pass the Tea Amendment Bill which has been submitted for consideration. A period of extended management take-over is necessray for tea in view of the agricultural nature of operations with a long gestation periods to ensure effective action for improvement of management of tea gardens which may have to be taken over by Government from time to time.

16.00 hrs.

STATEMENT RE. NEW OIL STRIKE IN GODAVARI OFFSHORE

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF PETROLEUM IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI GARGI SHANKAR MISHRA) : Sir, I am happy to announce the discovery of oil in well G-1-6 drilled on G-1 structure in Godavari offshore by the ONGC.

Flow of oil has been obtained on conventional testing of G-1-6 well, which is a step-out well on the G-1 structure in Godavari offshore. This well located at about 2 kilometers South West of discovery well G-1-1 was spudded on 8th August, 1983 at a water depth of 248 meters and drilled down to 3208 meters. The 5th object perforated in the interval of 2150-2152 meters and 2154-2156 meters has produced oil and gas at the rate of 876 barrels per day with the GDR of 131 through 1/4" choke during the initial testing carried out on 1.12.1983. and 2-12-1983. Further testing of zone is in progress. One more object will be tested in this well. The well is located about 75 kilometers South West of Kakinada and 25 kilometers from the coast.

The first well on the structure, G-1-1, located at the water depth of 250 meters, produced 33° API oil at 500 barrels a day through 32/64" choke from a Neogene sand. In this a hisher sand produced significant quantity of gas with condensate on commercial testing.

G-1-6 is the second hydro carbon bearing well on this structure. G-1-6 well establishes the continuity of the accumulation. Further testing of this well and the drilling of more delineation wells will indicate the commercial viability of the accumulation. It may be recalled that oil and gas were also struck in the adjoining structure G-2 in February, 1983 also in Neogene sands. It confirms the petroliferous nature of the sediments of Krishna Godavari basin and thus significant for continuing offshore exploration in this basin where 3 exploratory wells out of 14 drilled in the offshore part of the basin have been found to be hydro-carbon bearing.

Present plans call for the drilling of two more step-out wells on the G-1 structure to assess the extent of accumulation.

MR. CHAIRMAN : We were to take up further discussion under Rule 193 at 4 O' Clock but the discussion on the Tea (Amendment) Bill will not take much. Is it the pleasure of the House that we conclude the Bill and then take up further discussion ? It will not take much time, it will take only 5-10 minutes.

श्री मनी राम बागड़ी (हिसार) : पहले यह बताया जाए कि पंजाब का क्या होगा ?

सभापति महोदय : इसके बाद ही होगा ।

श्री मनी राम बागड़ी : अगर रात को पंजाब चलेगा तो क्या फायदा होगा ? कैसे छपेगा ?

MR. CHAIRMAN : What is the sense of the House, let me know ?

SOME HON. MEMBERS : We oppose.

MR. CHAIRMAN : Then we take up further discussion under Rule 193 Shri Harish Rawat...(*Interruption*). We shall take it up later on.

श्री राम लाल राही : माननीय मन्त्री जी ने मेरा नाम लिया है ।...(**व्यवधान**)

MR. CHAIRMAN : We will do it. We have taken up the other important subject. You reserve your right or take it up tomorrow or later on when the Bill is taken up....

(*Interruptions*)

Why don't you listen to me it will be

taken up after this discussion, then you can make your point if you like.

Now Shri Harish Rawat.

16.08 hrs.

[SHRI R.S. SPARROW *in the chair*]

16.08 hrs.

DISCUSSION ON THE STUATION ARISING OUT OF REPORTED TRAINING CAMPS FOR TRAINING OF EXTREMISTS OF PUNJAB IN NEIGHBOURING AREAS OF THE STATE-*CONTD*

श्री हरीश रावत (अल्मोड़ा) : सभापति जी, आज जो जम्मू-काश्मीर से हुक्मरान हैं, वह इस देश की एक महान परम्परा की कड़ी हैं। मैं समझता हूं, जो प्रश्न यहां पर डिसकस किया जा रहा है, उसके संदर्भ में उनको भावुकता से या राजनीतिक स्वार्थ के आधार पर नहीं सोचना चाहिए। मुझसे लेकर डॉ० स्वामी तक किसी भी व्यक्ति की यह दिली ख्वाहिश होगी कि इन कैम्पस के विषय में जो कुछ अखबारों या मैगजीन में साया आ रहा है, वह सत्य न हो। कोई भी राष्ट्र-भक्त इस बात को सहन नहीं कर पायेगा कि उग्रवादियों के कैम्प आयोजित किए जाएं और उन कैम्पों में लोगों को जाति विद्वेश और धार्मिक विद्वेश तथा ऐसी उग्रवादी कार्यवाहियों की ट्रेनिंग दी जाए जिससे राष्ट्र की एकता खतरे में पड़ सकती है। कोई भी इस बात को सहन नहीं करेगा कि इन कैम्पों में भारत के झण्डे या परम्परा की अवहेलना करने की छूट दी जाये। वह चाहे वरक ग्राम उधमपुर, पुंछ, पुलवाना, बारामुला या दिगाना आश्रम की कैंप हो या वह कैम्प हो जिसको एक दो दिन पहले जम्मू-काश्मीर के मुख्यमन्त्री जी ने सम्बोधित किया है। हम चाहते हैं कि इन समाचारों को यकीन न करें। हकीकत कुछ और ही बताती है। नए मुख्य मन्त्री के द्वारा इन कैम्पों को अटेन्ड किया जा रहा है और उनकी प्रेजेन्स में लोगों के द्वारा खालिस्तान आदि के नारे भी बुलन्द किए जा रहे हैं। ए० आइ० एस० एस० एफ० एक उग्रवादी संगठन है जिसकी गतिविधियां भी अवांछनीय हैं। उस संगठन के निमंत्रण पर एक मुख्य मन्त्री अमृतसर भी जाने वाले थे लेकिन किसी कारणवश या बीमार पड़ जाने के कारण वे जा नहीं पाए। यह भी एक हकीकत है।

चाहे एक दिवसीय क्रिकेट मैच हो चाहे मीर वायज फारूख के साथ श्रीनगर में चुनाव के समय किया गया समझौता हो या उसके बाद मीर वायज फारूख के साथ दोहराई गई यह बात हो कि हम जिहाद के लिए तैयार रहें, ये सारी घटनाएं ऐसी हैं जो अपने आप में जुड़ी हुई हैं।

आज मुख्य मन्त्री बार-बार एक बात दोहराते हैं। यह कहा जाता है कि राज्य के साथ सौतेलेपन का व्यवहार किया जा रहा है। जम्मू काश्मीर के मुख्य मन्त्री इस तरह की बात दोहराते हैं तो उससे सारे देश को नुक्सान होता है। वहां जो उग्रवादी संगठन हैं जो विदेशी शक्तियों के इशारे पर काम करते हैं, जमायते तुलबा हैं, इस्लामी मुहाजे आजादी है, उनको बढ़ावा मिलता है। आप तो जानते ही हैं कि श्रीनगर में एक दिवसीय क्रिकेट मैच में मुख्य मन्त्री की उपस्थिति में हिन्दुस्तान को नीचा दिखाने की कोशिश की गई, हिन्दुस्तान के खिलाफ नारे लगाए गए।

आज जम्मू काश्मीर में अपने राजनीति विरोधियों का दमन करने के लिए पुलिस एक्ट 1925 का सहारा लिया जा रहा है। एक नौजवान का एक बयान शाया हुआ है जिसमें उन्होंने कुछ ऐसी बातें कहीं जिनको मुख्य मन्त्री को कंट्रैडिक्ट करना चाहिये था, उनका प्रतिवाद करना चाहिये था लेकिन नहीं किया। यह गम्भीर आरोप है। उससे किसी भी व्यक्ति का दिल शंका से भरे बिना नहीं रह सकता है।

जो कुछ भी आज इन ट्रेनिंग कैम्पों में हो रहा है, या पंजाब में जो घटनाएं हो रही हैं उस

संदर्भ में हम पड़ोसी मुल्कों को भी नहीं भूल सकते हैं। जनरल जिया के द्वारा जिस प्रकार गंगा सिंह ढिल्लों को आमंत्रित किया गया, जिस प्रकार का बयान उनका एक मैगजीन में छपा है, उसको देखकर अफसोस ही होता है। साथ-साथ पाकिस्तान के विदेश मन्त्री कहते हैं :

Kashmir is not a forgotten issue.

गिलगित में डिनर देकर भारत को प्रोवोक करने की कोशिश हो रही हैं, हथियारों का जखीरा जमा किया जा रहा है।

ये सब घटनाएं चिन्ता का विषय हैं। जम्मू काश्मीर में या पंजाब में जो घटनाएं घटित हो रही हैं, उन पर हमें पैनी नजर रखनी चाहिये, उनका बारीकी से अध्ययन करना चाहिये। एक और गम्भीर खबर अखबारों में छपी है। यह कहा गया है कि इन कैम्पों को एक अरब शेख द्वारा फाइनेंस किया जा रहा है। राज्य सभा में कहा गया कि सी आई ए के द्वारा जनरल जिया के नेतृत्व में पाकिस्तान में उग्रवादियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। पाकिस्तान के मामले में डा० स्वामी विशेषज्ञ हैं और वही इस विषय में कुछ प्रकाश डालेंगे। लेकिन पंजाब में जो घटनाएं घटित हो रही हैं चाहे भिंडरांवाले की धमकी हो अकाली दल द्वारा उनको राजनीतिक संरक्षण देने की बात हो या युनाइटिड फ्रंट के द्वारा दिया जा रहा समर्थन हो, इस सब पर से हम आंख और कान बन्द करके बैठे नहीं रह सकते हैं। सदन को भी इन सब कड़ियों पर गहराई से विचार करना चाहिये और राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर विचार करना चाहिये। निश्चय ही पंजाब की ये सारी घटनाएं ट्रेनिंग कैम्पों के साथ जुड़ी हुई हैं।

अकाल तख्त द्वारा बार-बार लोगों द्वारा निवेदन करने के बावजूद भी इन्कार किया जा रहा है कि हिंसा के खिलाफ वह हुकमनामा जारी करे। मैं समझता हूं कि विरोधी दल के लोगों को और पार्लियामैंट को एक मत से अकाली दल को कहना चाहिये कि हुकमनामा जारी करवा कर इस प्रकार की हिंसक वारदातों को रोकने की उसको कोशिश करनी चाहिये। साथ ही स्पष्ट शब्दों में कहना चाहिये कि जब तक अकाली मोर्चा कायम रहेगा तब तक पंजाब में किसी प्रकार की शान्ति नहीं हो सकती है और मोर्चे को समाप्त करके प्रधान मन्त्री और गृह मन्त्री ने जो वार्ता का उनको निमंत्रण दिया है उसको उनको स्वीकार कर लेना चाहिये और वार्ता के लिए आ जाना चाहिये।

माननीय प्रधान मन्त्री ने एक बहुत अच्छा सुझाव दिया है कि सीमा-विवाद के समाधान का काम एक ट्रिब्यूनल को सौंप दिया जाए। किसी को भी इससे मतभेद नहीं हो सकता। लेकिन अकाली दल इसको मानने से इन्कार करता है। लोंगोवाल के नेतृत्व में अकाली दल इस समस्या को राष्ट्रीय स्तर पर हल करने के बजाए इसका अन्तर्राष्ट्रीयकरण करना चाहता है। लोंगोवाल ने एक बयान में कहा है कि कामनवेल्थ कन्ट्रीज के हैडज को इस मामले पर विचार करना चाहिए। जो राजनैतिक दल भारत के संविधान के प्रति निष्ठा रखता है और भारत के संविधान के अन्तर्गत एक राजनैतिक दल के रूप में कायम है, उसको इस तरह की बातें नहीं कहनी चाहिए और हर भारतवासी को उस पर एतराज होना स्वाभाविक है।

अकाली दल और ए आई एस एस एफ के लोगों ने अमृतसर में बसें जलाईं। उनकी सबसे बड़ी मांग थी कि निरंकारी चीफ के हत्यारे, रंजीत सिंह, को रिहा किया जाए। यदि कोई राजनैतिक दल किसी हत्यारे को रिहा करने की मांग करे, कानून का मुजरिम है, तो कोई भी सरकार उसको नहीं मान सकती। विरोधी पक्ष को और युनाइटिड फ्रंट के लीडर साहबान को – उसमें अलग-अलग लोगों के अलग-अलग व्यूज हैं, इसलिए वास्तव में वह डिसयुनाइटिड फ्रंट है— इस समस्या पर इस व्यूपायंट से विचार करना चाहिए।

मैं किसी पर आक्षेप नहीं करना चाहता हूं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हम इन व्यक्तियों और दलों के नाम लेना चाहें या न चाहें, मगर

ये सब घटनाएं एक दूसरे के साथ जुड़ी हुई हैं, जम्मू-काश्मीर या पंजाब या राष्ट्रीय स्तर पर जिन दलों के नाम मैंने लिए हैं, वे सब इन घटनाओं के साथ जुड़े हुए हैं। ऐसा लगता है कि ट्रेनिंग कैंप हो या अकाली मोर्चा, ये सब एक षड्यंत्र की कड़ियां हैं। मुझे ऐसा लगता है कि यह तो टिप आफ दि आइसबर्ग है—एक छोटी सी चीज दिखाई दे रही है, जिसमें कई गंभीर चीजें छिपी हुई हैं। गृह मन्त्री से मेरा निवेदन है कि वह टाइम रहते देश को इस षड्यंत्र से वाकिफ कराने की कोशिश करें और इसके खिलाफ सख्त कदम उठाएं।

हिन्दुस्तान की एकता और अखंडता की रक्षा करना केन्द्र का सबसे पहला फर्ज है। जिन राज्यों में ट्रेनिंग कैंप चल रहे हैं, केन्द्र को उन राज्य सरकारों को सख्त हिदायत देनी चाहिए, उन्हें निर्देश जारी करना चाहिए कि वे अपने राज्यों की सीमाओं में ऐसे ट्रेनिंग कैम्प न लगने दें, जिनके बारे में सारे देश में शंकाएं व्याप्त हैं। जिन लोगों ने इन कैंपों से ट्रेनिंग ली है, उनकी लिस्ट बनाकर उनके नाम प्रकाशित करने चाहिए और उन्हें एरेस्ट करना चाहिए। उन लोगों को खुली छूट नहीं देनी चाहिए। जो लोग इन ट्रेनिंग कैंपों से ट्रेनिंग लेकर निकल रहे हैं, उनमें केवल हिन्दुस्तान के लोग ही नहीं हैं, बल्कि पाकिस्तान के पंजाबी भाषा-भाषी लोग भी हैं, जो पंजाब में गड़बड़ फैला रहे हैं। यह और भी खतरनाक बात है। पाकिस्तान के कई लोग धार्मिक भावना से प्रेरित होकर पंजाब आते हैं। एक सैंट्रल इनवेस्टिगेटिंग एजेन्सी को क्वाट करते हुए अखबारों में कहा गया है कि वे लोग यहां ओवरस्टे करते हैं। गृह मन्त्रालय को उनके यहां पर रुकने के बारे में विस्तार से जांच करनी चाहिए।

मुझे आशा है कि गृह मन्त्री इन सारे पायंट्स पर ध्यान देंगे। मैं विरोध पक्ष से, और विशेषकर डा० स्वामी से, निवेदन करूंगा कि वे इस प्रश्न पर दलगत दृष्टिकोण से न बोलें, बल्कि श्री बहुगुणा के व्हिप में न आकर और श्री चन्द्रशेखर से न डर कर, अपनी आत्मा को साक्षी बना कर बोलें और इन घटनाओं की निन्दा करें।

प्रो० अजित कुमार मेहता (समस्तीपुर) : सभापति जी, गृह मन्त्री का वक्तव्य मैंने देखा है। 14 प्रशिक्षण शिविर जो उग्रवादियों के लिये लगाये गये हैं उनमें से, उन्होंने कहा है, 6 कश्मीर में, 2 हिमाचल प्रदेश में लगाये गये। बाकी 6 के बारे में मौन हैं। एक शायद उत्तर प्रदेश में लगा, राज्य सभा में कहा है शायद। ठीक है, केंद्र सरकार का यह कर्तव्य होता है कि कहीं भी इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर लगे जिससे बिखराव की भावना मजबूत हो तो उस पर केन्द्र का ध्यान जाना चाहिये।

असल में यह वक्तव्य बिल्कुल निर्दोष होता यदि वास्तव में मंशा निर्दोष होती। अभी कुछ दिन पहले राज्य सभा में वक्तव्य हुआ उसके बाद 15 सांसदों के नाम से एक वक्तव्य निकला है जिसमें कश्मीर के मुख्य मंत्री को दोषी ठहराया गया है, और इस सदन में भी जो भाषण हुआ है उसका अर्थ भी यही है कि कश्मीर के मुख्य मंत्री की जानकारी में यह शिविर लगाये गये और गृह मन्त्री के वक्तव्य से भी पता चलता है कि कश्मीर के मुख्य मन्त्री कम से कम एक प्रशिक्षिण शिवर में प्रशिक्षार्थियों से वह मिले। गृह मन्त्री जी पंजाब पर तो आपका शासन है और पंजाब में धार्मिक स्थल कह कर के जिन स्थानों से सरकार विरोधी, राष्ट्र विरोधी कार्यवाही हो गई है उस पर आप क्या कर रहे हैं? कश्मीर में जो प्रशिक्षण शिविर लगाये गये थे वह क्या कह कर लगाये गये थे? कहा गया यह शिविर धार्मिक उद्देश्य के लिये लगाये गये हैं। अब जब धार्मिक प्रशिक्षण के लिये शिविर लगाने का ठप्पा उन पर लग गया तब जब पंजाब में जहां आपका सीधा शासन है, वहां धर्म का ठप्पा लग गया वहां आप कुछ नहीं कर पाते हैं तो कश्मीर के मुख्य मंत्री से क्यों यह अपेक्षा करते हैं और क्यों यह धारणा पैदा करने की कोशिश करते हैं कि कश्मीर का

मुख्य मंत्री बिखराव का समर्थक है ? ऐसा आपके वक्तव्य से लगता है कि देखो उस राज्य में प्रशिक्षण शिविर लगता है जो बिखराव को बढ़ावा देता है और वहां का मुख्य मन्त्री कुछ नहीं करता है। जब आप स्वयं कुछ नहीं कर पाते हैं तो दूसरे को क्यों दोषी ठहराते हैं ? इतनी बातें कही गयीं कश्मीर के मुख्य मन्त्री के बारे में। हिमाचल प्रदेश के बारे में आपने क्या किया ? वहां भी दो शिविर लगे हैं। जो दोष कश्मीर के मुख्य मन्त्री पर लगाना चाहते हैं, जो आपकी मंशा है, वही दोष हिमाचल प्रदेश के मुख्य मन्त्री पर भी लगाना चाहिये। लेकिन उसके बारे में चुप्पी साधेंगे क्योंकि वह आपके दल का मुख्य मन्त्री है।

सभापति महोदय : थोड़ा जरा अपने टाइम का भी ख्याल रखें क्योंकि बहुत सारे लोगों को बोलना है। इस वास्ते जो पाइंट्स हैं वही कहिये।

प्रो० अजित कुमार मेहता : गृह मंत्री जी...

श्री मूलचन्द डागा (पाली) : आज अपोजीशन में बड़े-बड़े नेता नहीं बोल रहे हैं ?

प्रो० अजित कुमार मेहता : मैं क्या कम हूं ? नेता का काम समाज को नेतृत्व देना है भले ही उसका कोई साथ दे या न दे। रास्ता दिखाना उसका काम है, और मैं समझ रहा हूं कि वह कर रहे हैं। गृह मन्त्री जी कहते हैं कि प्रशिक्षण शिविर में आए हुए लोग कश्मीर मुख्य मन्त्री जी से मिले हैं। अभी कोई धार्मिक के नाम पर प्रशिक्षण शिविर लगाए और जिस राज्य में लगाए, उस राज्य के मुख्य मंत्री से उस प्रशिक्षण शिविर के लोग मिलना चाहें तो क्या मुख्य मन्त्री को मिलने से इन्कार कर देना चाहिए।

श्री हरीश रावत : खालिस्तान का नारा लगायें, तो मुख्य मन्त्री उनके साथ नाचें।

श्री सूरज भान (अम्बाला) : पिछले होम मिनिस्टर उनके साथ क्या करते रहे।

प्रो० अजित कुमार मेहता : मैं सन् 1981 की एक घटना की ओर आप का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। पुंछ में एक बंगला साहिब गुरुद्वारा है, जहां पर एक शिविर लगाया गया था। जिसको आर्गेनाइज ए आई-सी सी के सैक्रेटरी श्री प्रदुभन सिंह के पुत्र ने किया और उसमें श्री अमरीक सिंह भी आए थे। उसका उद्घाटन एक गोली चलाकर किया गया। उसमें एक सिख की मौत भी हो गई थी। आपने उस व्यक्ति को अपने दल का सैक्रेटरी बना कर पुरुस्तार दिया। इसी से आपकी मंशा का दृष्टिगोचर होता है कि आपकी वास्तविक मंशा क्या है।

बार-बार कहा जाता है कि इस चीज को पैदा करने में बाहरी हाथ है। बाहरी हाथ तो प्रकट हुआ, जब अभी आपने काश्मीर में छापा मारा, जहाँ दो गन फैक्ट्रियों में बाहरी हथियार पकड़े गए हैं। क्या आप उनको सजा देना चाहते हैं ? मैं तो यह समझता हूं कि आप यह सारी परिस्थिति काश्मीर की सरकार को ब्लैकमेल करने के लिए पैदा कर रहे हैं। जो गन फैक्ट्री का अपराधी है, उसको छोड़ दिया जाए। मुझे उम्मीद है, इस पर भी आप स्पष्टीकरण देंगे।

मैं पूछना चाहता हूं कि पंजाब की समस्या को हल करने का क्या आपका विचार है, मन है ? महोदय, पूर्वांचल में आग लगी हुई है। असम जल रहा है, पश्चिम में पंजाब की भी वही स्थिति है और अब इन सब कामों से काश्मीर को भी लपेटना चाहते हैं। यह किसी तरह से वांछनीय नहीं है। यह बिल्कुल भी राष्ट्रीय हित में नहीं है। अभी अभी हमारे एक सहयोगी ने सुझाव दिया कि इन बातों पर हमें दल की सीमाओं को तोड़ कर चलें, मैं समझता हूं कि आप इस पर विचार करेंगे। सुझाव उनका बड़ा सुन्दर है आप स्वयं दल की सीमा को तोड़कर विचार कीजिए। आपकी मंशा सिर्फ इतनी है कि पंजाब में इस प्रकार का आतंक कायम हो। मेरे कहने का मतलब यह है कि पंजाब हिन्दू समझे कि उनके

रक्षक केवल आप हैं, जिस तरह की भावना आप काश्मीर में जगा रहे हैं। काश्मीर में भी अल्पसंख्यक हिन्दू हैं और उनकी रक्षक श्रीमती इंदिरा गांधी है। उसी तरह की भावना आप पंजाब में जगाना चाहते हैं। पंजाब में भी अल्पसंख्यक हिन्दू हैं और उनकी रक्षक श्रीमती इन्दिरा गांधी ही हो सकती है। मैं समझता हूं कि इस तरह केवल वोट बटोरने की राजनीति से काम लेना उचित नहीं है। यह राष्ट्रीय हित में घातक हैं। मैं चाहता हूं कि आप अपने कामों पर पुनर्विचार करें, तो अच्छा रहेगा।

पंजाब में तरह-तरह के आपत्तिजनक भाषण दिए जा रहे हैं। भिंडरांवाले के बारे में काफी चर्चा हुई है। मुझे याद है पिछले शुक्रवार को इस बहस को इसलिए रोक दिया गया था कि सब लोग समझें, सारा सदन समझे कि आप इस बीच में गम्भीर कार्यवाही करने वाले हैं। और सोमवार को पूरी तैयारी से इस पर बहस होगी। लेकिन आप का आज का वक्तव्य केवल खानापूरी वाला वक्तव्य था। जिस तरह से एक कहानी कही जाती है उस तरह से आपने कह दिया, राम ने लंका पर चढ़ाई कर दी, भिण्डरावाले ने ऐसा कर दिया, वैसा कर दिया ···

श्री रघुनन्दन लाल भाटिया (अमृतसर) : आपने भी कोई नई बात नहीं कही है। ये सब बातें तो आप बहुत दफा कह चुके हैं।

प्रो० अजित कुमार मेहता : आप इस तरह का बहाना क्यों ढूँढ़ रहे हैं ? भिंडरावाला कोई हमारा समर्थक नहीं है। उसको किसने बनाया था ? जब वह दिल्ली में आया तो किस ने उसके पांव छूए थे ? उसने अपने हरबे-हथियार के साथ दिल्ली में प्रवेश किया था, जिनमें कुछ लाइसेंस वाले होंगे और कुछ बगैर लाइसेंस वाले होंगे। क्या यह बात सही नहीं है कि तत्कालीन गृह मन्त्री ज्ञानी जैलसिंह ने उसके पांव छूए थे ? यदि यह सच है तो आप कैसे यह सोच रहे हैं कि भिंडरावाला हमारा समर्थक है या हमारा दोस्त है ? वह आपकी उत्पत्ति है, यह आपको मानना चाहिये। जब यह मान लेंगे तो उसके खिलाफ कार्यवाही करने का काम भी आपका है। आप कहते हैं कि भिंडरावाले को कैसे गिरफ्तार करें ? क्या यह जिम्मेदारी हमारी है ? आप शासन से अलग बैठकर देखिये कि हम क्या करते हैं। हमारे समय में तो पंजाब में कोई समस्या नहीं थी। पंजाब की समस्या आप के समय में उत्पन्न हुई है, लेकिन आप आज बहानेबाजी करते हैं, यह कहते हैं कि उसका गिरफ्तार करना मुश्किल है, क्योंकि वह धार्मिक स्थान में छुपा हुआ है। क्या कोई क्रिमनल धार्मिक स्थान में छुप जाय तो उसको छोड़ देंगे ? जिस तरह से और जगह कार्यवाही करते हैं उसी तरह से वहां भी कार्यवाही कीजिये।

एक अजीब बात यह है—आपने एक अजीब भावना सारे भारत में फैला दी है कि सारे भारत का सिख अकाली है और सारे अकाली देशद्रोही हैं।

श्री हरीश रावत : गलत बात है। आपकी तरफ एक भी सिख नहीं है। हमारी तरफ देखिये—क्या ये मेडम सिख नहीं हैं ?

प्रो० अजित कुमार मेहता : उनको एक कैटेगरी में रखा हुआ है। क्या भिण्डरावाला अकाली दल का सदस्य है ? फिर भी आप कहते हैं कि भिण्डरावाले ने जो किया उसकी जिम्मेदारी अकाली दल पर है।

श्री हरीश रावत : इसीलिये कि लोंगोवाल-तोहरा-भिण्डरावाले की मीटिंग होती है। पेपर्स में भी निकलता है।

प्रो० अजित कुमार मेहता : पंजाब के बारे में जब हम सोचते हैं तो मैं भूल नहीं पाता हूं—पंजाब के मसले पर त्रिपक्षीय वार्ता यहां पर शुरू हुई थी, जिसमें मतभेदों का दायरा बहुत सीमित हो गया था। उस त्रिपक्षीय वार्ता से कौन हटा ? आप कहते हैं कि अकाली अपनी डिमाण्ड्स पर स्थिर नहीं रहते हैं, अपना स्टेंड शिफ्ट करते रहते हैं। लेकिन जहां तक मुझे मालूम है—शुरू-शुरू में अकाली अपनी 45

मांगें लेकर आये थे, उन्होंने जो मैमोरेण्डम सबमिट किया था उसमें 45 मांगें थीं, लेकिन बाद में उसको घटा कर उन्होंने 10 कर दिया। आप बतलाइये कैसे उन्होंने अपने स्टैंड से शिफ्ट किया ? उन 10 मांगों में भी 6 मांगें धार्मिक थीं, जिनको सरकार ने बाद में मान लिया था, लेकिन उस समय नहीं माना। अगर उस समय मान लेते तो उससे अण्डरस्टैण्डिंग का वातावरण पैदा होता और बाकी के मतभेद भी समाप्त हो जाते, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उसके पीछे एक राज था, एक राजनीतिक कारण था—आप वोट बटोरना चाहते थे, इसलिये आपने नहीं माना। त्रिपक्षीय वार्ता की सफलता आप नहीं चाहते थे, समझौता वार्ता के द्वारा समस्या का समाधान आप बिलकुल नहीं चाहते हैं।

श्री रामप्यारे पनिका (राबर्ट्सगंज) : मंत्री जी ने बीसियों बार इस सदन में वार्ता के लिये कहा है।

प्रो० अजित कुमार मेहता : लेकिन कभी भी अकालियों को निमन्त्रित नहीं किया—समझौता वार्ता करने के लिये। मंत्री जी ने कंसल्टेटिव कमेटी में जो कुछ कहा—बाद में उसका इन्टरप्रेटेशन दूसरा दिया कि हमने ऐसा नहीं कहा।

हमारे कहने का मतलब है कि कभी आप अपने मंत्री जी से पूछिये कि क्या उन्होंने अकालियों को समझौता वार्ता के लिए निमंत्रित किया है।

अब मैं कहना चाहता हूं कि भिंडरावाला पर तो समझौता वार्ता करने के लिए तैयार हैं लेकिन आज तक जितनी बातें हुई, समझौता वार्ताएं हुईं, और बहुत-सी बातों में मतभेद भी सीमित हो गये हैं क्या इन सारी बातों का आप एक श्वेत पत्र निकालने के लिए तैयार हैं ? आप एक श्वेतपत्र क्यों नहीं निकालते हैं जिससे कि सारे देश को जानकारी मिले कि इतना काम हो चुका है ? इसलिए मैं पुनः आपसे आग्रह करूंगा कि पंजाब के ऊपर आप एक श्वेत पत्र निकालें कि इतनी मांगें पेश की गई थीं, इतनी मांगें मान ली गई हैं और इतनी मांगों पर मतभेद है। कौन-सी मांगें मान ली गई हैं, कौन-सी मांगों पर वार्ता हो सकती है, इन सबके बारे में आप एक श्वेत पत्र निकालें।

अब मैं आपसे दो-चार प्रश्न करना चाहता हूं क्योंकि हम लोगों के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव को नियम 193 के अंतर्गत चर्चा में परिणत कर दिया गया। इसलिए मैं समझता हूं कि मेरे प्रश्नों का उत्तर देने में आपको कोई परेशानी नहीं होगी।

मेरा पहला प्रश्न यह है कि सरकार को यह कब जानकारी मिली कि कश्मीर में उग्रवादियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाये जा रहे हैं और कब सरकार ने कश्मीर सरकार को इसके बारे में लिखा ? यदि प्रशिक्षण शिविर धार्मिक स्थानों में लगाये जाते हैं और सरकार उनको रोकना चाहती है तो उनको रोकने का सरकार के पास क्या उपाय है ?

दूसरे राज्य सभा में इस विषय पर बहस के बाद राज्य सभा के एक माननीय सदस्य श्री गुलाम रसूल ने एक पत्र लिखा था जिसमें तीन सवाल उठाये गये थे जिनमें से दो मैं अभी उठा चुका हूं, वह पत्र अभी तक अनुत्तरित रहा है, वह अभी तक अनुत्तरित क्यों है ?

मेरा अन्तिम सवाल यह है कि क्या यह सही है कि वर्तमान आर्थिक और सामाजिक समस्याओं का समाधान निकालने में असमर्थ होकर देश में बेसिर पैर की अफवाहें फैला कर राष्ट्र का ध्यान मुख्य समस्या से हटाने का प्रयास सत्तारूढ़ दल और विशेष कर प्रधान मंत्री कर रही हैं ?

सभापति जी, मैंने आपका थोड़ा ही समय लिया है, अधिक समय नहीं लिया है।

श्री जैनुल बशर (गाजीपुर) : सभापति जी, आज हम जिस समस्या पर विचार कर रहे हैं वह समस्या आज पूरे देश को परेशान किये हुए

है। पंजाब की समस्या को केवल पंजाब तक सीमित रखने से काम नहीं चलेगा। आज समाचार पत्रों में हमने देखा है कि बहुत से रिटायर्ड सेना के, एयर फोर्स के वरिष्ठ अधिकारी अमेरिका की जासूसी करने के इल्जाम में पकड़े गये हैं। पंजाब के उग्रवादियों को कश्मीर में और दूसरों में राज्यों में ट्रेनिंग काम हुआ है। हमारे पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान में छापामार लड़ाई लड़ने की ट्रेनिंग देने का काम भी चल रहा है।

पाकिस्तान में आज क्या हालत है? वहां की जनता वहाँ जनतंत्र की बहाली के लिए लड़ाई लड़ रही है और जो हमारा पिछला तजुर्बा पाकिस्तान के साथ रहा है कि ऐसे समय में पाकिस्तानी फौजी शासक वहां की जनता का ध्यान हटाने के लिये इस के साथ लड़ाई-झगड़ा ठान लेते हैं कहीं वे ऐसी तैयारी तो नहीं कर रहे हैं। इन सब चीजों को मिलाकर अगर हम देखें तो आज हमें अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में दिखाई पड़ती है। हमें बाहर से भी खतरा है और अन्दर से भी खतरा पैदा होता जा रहा है। मैं तो सभापति जी इस राय पर पहुंचा हूं कि पिछले तीस वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति इतनी खतरनाक कभी नहीं थी जितनी खतरनाक आज पैदा हो गई है। हमने बाहर के देशों से लड़ाई लड़ी, चीन के साथ लड़ाई लड़ी, पाकिस्तान के साथ लड़ाई लड़ी, लेकिन उस समय पूरा देश एक साथ होकर लड़ाई लड़ा था। लेकिन अब जो स्थिति है वह बड़ी गंभीर होती जा रही है और हमारी सरकार जिस तरह से स्थिति का मुकाबला कर रही है, उससे सभापति जी, मैं संतुष्ट नहीं हूं। कार्यवाही कुछ नहीं हो रही है। बार-बार यह कहा जा रहा है कि सरकार सतर्क है और हम कार्यवाही कर रहे हैं और आज यहां संसद में घोषणा की जाती है और कल पंजाब में कुछ ऐसी बातें हो जाती हैं जिसका असर पूरे देश के ऊपर पड़ता है। लोगों की भावनाए उबल रही हैं, तलवारें तन रही हैं, पूरा देश कब खून खराबे की स्थिति में आ जाए, कहा नहीं जा सकता और मैं समझता हूं कि जब सरकार कार्यवाही करने पर उतरेगी तो शायद बहुत देर हो चुकी होगी। और देश आग की लपटों में झुलस रहा होगा। अगर सरकार को कार्यवाही करनी है, अगर उसकी मंशा ठीक है, अगर देशहित में काम करना है तो यह कार्यवाही आज बल्कि अभी शुरू होनी चाहिए। अगर इस मामले में देर कर दी गई तो इसका नतीजा इस देश को बड़ा गंभीर भुगतान पड़ेगा।

सभापति जी, अगर गृह मंत्री और उनका मंत्रालय यह समझता है कि पंजाब आसाम है तो वह भयंकर भूल कर रहा है। बंटवारे के जमाने में पंजाब में जो खून-खराबा हुआ, उसकी याद अभी लोगों को भूली नहीं है और मैं समझता हूं कि अगर इस मामले में देर कर दी गई तो बंटवारे से भी ज्यादा भयंकर खूनखराबा न केवल पंजाब में बल्कि देश के दूसरे भागों में भी फैल सकता है। इस लिए जो कार्यवाही करनी है शीघ्र करनी चाहिए।

होम मिनिस्टर ने अपने बयान में यह माना है कि कश्मीर में उग्रावादियों के द्वारा ट्रैनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। हिन्दुस्तान टाइम्स में 15 नवंबर की खबर का पूरा ब्यौरा दिया गया है—"एक्स्ट्रीमिस्ट्स ट्रेनिंग इन जम्मू-कश्मीर", हिमाचल प्रदेश में भी कैंप लगाए गए, हो सकता है कहीं और भी कैंप लगाए गए हों। गृह मंत्री ने एक पत्र मुख्य मंत्री को लिखा-आप इसको देखें। जिसका उत्तर भी उनको प्राप्त नहीं हुआ है। आखिर देश की अखंडता, देश की अखंडता, देश की सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी किसकी है? यह जिम्मेदारी कश्मीर के मुख्य मंत्री की है या यह जिम्मेदारी भारत के गृहमत्री और भारत सरकार की है? आपने तुरंत कार्यवाही क्यों नहीं की। लेकिन आप कश्मीर के खिलाफ कार्यवाही कर भी कैसे सकते हैं। जैसा कि अभी प्रा० मेहता ने कहा कि पंजाब आपके नीचे है, सेंट्रल रूल वहां, है जब वहाँ कार्यवाही करते हुए आप डगमगा रहे हैं तो कश्मीर में किस हौसले से आप कार्यवाही करेंगे।

अब यह भिंडरावाला कौन है। यह भिंडरावाला एक व्यक्ति जो पूरे देश को चुनौती दे रहा

है। जो इस माननीय संसद को चुनौती दे रहा है, वह भारत सरकार को चुनौती दे रहा है और उसके खिलाफ आप असहाय हैं, कुछ कर नहीं पा रहे हैं। उसके विरुद्ध 4-4 मुकदमें दर्ज हैं और उसको आप पकड़ नहीं पा रहे हैं। आज अगर मेरे खिलाफ मुकदमा दर्ज हो जाय, मैं भाग जाऊं, पकड़ा न जा सकूं तो मेरी कुड़की होगी, वारंट होगा। दरवाजा, खिड़की, चारपाई, सब कुछ पुलिस लादकर थाने में लाकर रख देगी। भिंडरावाला के खिलाफ क्यों कार्यवाही नहीं हो रही है। क्यों पुलिस 87-88 की कार्यवाही नहीं करता ? आप किस मुंह से दूसरों के लिए यह बात कहेंगे।

सभापति महोदय, यह भिंडरांवाला मेरे खयाल से कोई सही दिमाग का आदमी नहीं है। वह सही दिमाग का आदमी नहीं है। क्योंकि कोई भी सही दिमाग का आदमी ऐसा नहीं कर सकता जैसा भिंडरावाला कर रहा है। भिंडरावाले पूरे सिख कौम को बदनाम कर रहे हैं। हमारे माननीय सदस्य श्री निहाल सिंह वाला ने अपने भाषण में कहा कि पंजाब में जो आतंक की स्थति है, यदि सरकार वहां कोई कार्यवाही नहीं करेगी तो बड़ी संख्या में जो सिख हैं, उनकी भी सिर उठाने की हिम्मत नहीं हो सकती। वह भी डरते हैं और भारत सरकार भी डरती है। भिंडरावाले से पंजाब का सिख क्यों नहीं डरेगा ? आज हिन्दुओं को पकड़कर मार रहे हैं, कल सिखों को पकड़ कर मारेंगे। मेरी सूचना के अनुसार वह सिख उनकी हिट लिस्ट में हैं जो उनके खिलाफ बोलते हैं। हिन्दू से बड़ा वह दुश्मन है जो उन उग्रवादियों के खिलाफ बोलता है। आप उनको सुरक्षा नहीं दे रहे हैं और न उनकी हिम्मत अफजाई कर रहे हैं। अकाली दल के लोगों ने भिंडरावाले को क्यों रखा हुआ है ? क्यों अपने गुरु नानक निवास में छिपाया हुआ है ? आप लोग जो उधर बैठे हुए हैं, अपने दोस्तों से कहिए और उनको निकालिए।

डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी (बम्बई उत्तर पूर्व) : सरकार हमें दे दीजिए।

श्री जैनुल बशर : सरकार क्यों दें ? आप नहीं निकाल सकते। असलियत यह है कि अकाली दल भी भिंडरावाले से डरता है। जब हमारी भारत सरकार कोई कार्यवाही नहीं कर रही है तो पूरे पंजाब में लोग उससे डर रहे हैं। आज इस देश का जो बहुसंख्यक वर्ग है, उसकी तारीफ करनी पड़ेगी कि वह प्रोवोक नहीं हुआ है। भिंडरावाले ने जो ब्यान दिया है और जो बातें कही हैं, उसका प्रोवोकेशन होता है तो कल से हिन्दुस्तान जल रहा होता और हम सब लोग संसद में बैठे हुए तमाशा देख रहे होते। मैं, भारत सरकार और गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप कार्यवाही शुरू कीजिये। पूरे देश में यह धारणा पैदा हो गई है कि सरकार भिण्डरावाले के खिलाफ कमजोरी दिखा रही है और डटकर मुकाबला नहीं कर रही है। अगर, यह इम्प्रैशन पूरे देश में घर कर गया कि सरकार कमजोर हो गई है तो इसका बड़ा भयंकर परिणाम निकलेगा। हमें उधर बैठे हुए लोगों की तरफ ध्यान नहीं देना चाहिए क्योंकि वे तो ऐसा चाहते हैं कि हमारी बदनामी हो। आज इस देश की एकता और सुरक्षा को कायम रखने की जिम्मेदारी हमारी पार्टी की है। काश्मीर के संबंध में हमें यह नहीं सोचना चाहिये कि ये लोग क्या कहते हैं ? काश्मीर के संबंध में इन्होंने बहुत बातें कीं। राज्य और केन्द्र के संबंध में बहुत बातें कही गई। अगर, केन्द्र को कमजोर कर लिया जाए तो इस देश में एकता कायम नहीं रह पायेगी। केन्द्र सरकार इस मामले ढिलाई करेगी तो इसका बहुत बुरा नतीजा होगा। काश्मीर में जहां इस प्रकार के कैंप लग रहे हैं, वहां की सरकार यदि कुछ नहीं करती है तो उसको बरखास्त करने में क्या हर्ज है ? यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। जब कांग्रेस आई दल की सरकार बर्खास्त कर सकते हैं तो वहाँ की सरकार को क्यों नहीं कर सकते ? यही नहीं, आज देश के उत्तर पूर्वी और पश्चिमी सीमा पर एमरजेंसी लगाए जाने की आवश्यकता है। काश्मीर की स्थति बहुत विकट है। आज तीस साल से काश्मीर एक समस्या बना हुआ है। काश्मीर में देश-द्रोही

ताकतों की कमी नहीं है। आज काश्मीर में ऐसे एलीमेंट मौजूद हैं जो काश्मीर को भारत में मिलाए जाने के विरुद्ध हैं। उनमें उग्रवादी भी हैं। काश्मीर और पंजाब बिल्कुल एक दूसरे से मिले हुए हैं। अगर दोनों उग्रवादियों में तालमेल हो गया और पंजाब की तरह काश्मीर में भी उग्रवाद फैलता चला गया तो ये दोनों मिल कर देश के लिये बहुत बड़ी मुसीबत पैदा कर देंगे। काश्मीर और पंजाब की समस्याओं को अलग अलग नहीं देखना चाहिये, हाथ मिला कर देखना चाहिये। काश्मीर में कुछ हो गया तो पंजाब में भी होगा और पूरे देश में जो अल्पसंख्यक मुसलमान हैं, हैं, सिख हैं, उनका क्या होगा ? अगर पंजाब में कुछ होता है तो उत्तर-प्रदेश, बिहार, मद्रास आदि दूसरे राज्यों में उसका रिएक्शन और फिर काउंटर रिएक्शन होगा और तब पार्टिशन जब देश का हुआ था, जिस प्रकार की स्थिति तब बनी थी, उस बार की स्थिति अगर पैदा हो गई और बाहर की ताकतें जो हमें कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं उन्होंने हमारे लिए खतरा पैदा कर दिया तो जो भयानक स्थिति बनेगी उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इस वास्ते मैं जोरदार शब्दों में मांग करता हूं कि सरकार तुरन्त कार्रवाई करे, भिंडरांवाले को गिरफ्तार करे। कैसे गिरफ्तार करेगी, गुरुनानक निवास में जाकर करेगी या न जाकर करेगी, यह मैं सरकार पर छोड़ता हूं, यह निर्णय सरकार स्वयं करे। लेकिन देश की 95 प्रतिशत जनता को हम यह समझा नहीं पा रहे हैं कि गुरुद्वारों में पुलिस क्यों नहीं जा सकती है। मैं मुसलमान हूं। मेरी मस्जिद में पुलिस जा सकती है, दरगाहों में जा सकती है, विश्वनाथ मंदिर में जा सकती है, गिरजाघरों में जा सकती है, बौद्ध विहारों में जा सकती है तो गुरुद्वारों में क्यों नहीं जा सकती है। गुरुद्वारों की पवित्रता पुलिस के जाने से नहीं बल्कि क्रिमिनल्ज को वहां पनाह देने से समाप्त होती है, उनको छिपाने से समाप्त होती है, उनको वहां शरण देने से समाप्त होती है। मेरी जोरदार मांग है कि अभी आप कार्रवाई शुरू करें। थोड़ी और देर आप करेंगे तो फिर बहुत देर हो चुकी होगी और यह देश आग में जलता हुआ नजर आएगा।

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : (Bombay North East) : Sir, the ruling party member, Shri Zainul Basher's speech today reminded me of the very speech Shri Morarji Desai had delivered very recently in one of our party conclaves. This just shows that ultimately the ruling party will have to realise that it was only during the Janata party rule that we were able to keep peace in the country. Although our party being new we could not keep peace within the party yet we kept peace within the country.

Sir, the discussion today is on the topic of the situation arising out of reported training camps for training of extremists of Punjab in its neighbouring areas. Now, what is the meaning of neighbouring areas ? I was surprised to read the statement because I had expected some specific evidence being presented about the involvement of neighbouring areas. There is no mention about Pakistan in this entire statement. This may indicate a change in government's attitude. Maybe now they want to play down the Pakistani factor because, perhaps, it is not being credible. I do not know. Jammu and Kashmir has been brought up into focus. There is only one indirect to Pakistan and I do not know whether he means—

> "According to some reports with the Government consignment of arms brought from a neighbouring country has reached some organisers of these camps in Guru Nanak Niwas, Amritsar."

Brought by whom ? sent by whom ? It could be smug gled. Was it sumggled ? Therefore, Sir, I am sorry that in this Parliament we are being consistently innuendoes about the whole situation. We want to know in specific terms what is happening in Punjab. You say, foreign hands in one place ; you say Pakistan, you say, Jammu and Kashmir,- all these you say. These are all innuendoes. What is the concrete evidence ? What is it that you want to place before the House ? If you want the support of the entire House you will have to take the House into confidence- Sir, all of a sudden, this Jammu and

Kashmir has come into focus. I really don't know how this has happened. I went through all the Press Cuttings and I found that the first reference to Jammu and Kashmir being involved in what is happening in Punjab was a statement by the ruling party's General Secretary Mr. Rajiv Gandhi, who, according to UNI. told Vichar Vibag of the Congress-I. Now, Sir, I do not know that Congress-I had any Vichar, but they have a Vichar Vibag. There was this Seminar in Delhi on the 12th November and he said.....

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, SPORTS, AND WORKS AND HOUSING (SHRI BUTA SINGH) : You are not supposed to know the inside functioning of the party.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Well, it has come in the Press. I am sorry to say. He must have leaked it out to the Press and it says like this :

> 'Mr Rajiv Gandhi told a conference of the Vichar Vibag of Congress-I in Delhi that extremists in Punjab are being trained in Pakistan and Jammu and Kashmir'.

Now Mr. Rajiv Gandhi is not here. He is a Member of Parliament. We hardly see him here. (*Interruptions*) There are some Members of Parliament who are permanently absent. But, anyway, he should have made the statement in the House but he made it in the Vichar Vibag.

16.56 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *In the Chair*]. He said :

> 'Extremists in Punjab are being trained in Pakistan and Jammu and Kashmir'

—and then it adds in quotes—

> "Recalling the harassment and arrests of Congress-I workers in connection with the Kashmir Bandh on the 7th of November, Mr. Gandhi said that these were examples of unabashed interference of big powers in the affairs of small nations."

Sir, I do not understand and how the arrest of Congress-I workers in connection with Kashmir Bandh establishes an example of unabashed interference of big powers in the affairs of small nations.

SHRI BUTA SINGH : Bad reporting.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Now, may be bad reporting, but he should have corrected it. He has a big Secretariat and you are ruling party...

SHRI BUTA SINGH : You people rely so much on the Press unfortunately. Everything that you say here is based on Press Report. It is incoherent, it is baseless ; and unfortunately you have a bad case.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : All right. I will now rely on the information suppied by you. So far I relied on information supplied by newspapers which he rejects. They should have at least contradicted it.

Now, Sir, I will go to the information supplied by the Minister in Parliament-I hope that that at least is unadulterated. (*Interruptions*) There is Question No. 458. Now, on foreign hands, you know, Sir, how much has been said. What is this foreign hand ? Is there ans evidence ?

The other day I mentioned this,-about the Governor's statement, which was made on 15 November in Jullundar about there not being any foreign hand in Punjab. The prime Minister reacted violently and ultimately the Governor was given**

(*Interruptions*)

PROF. N.G. RANGA (Guntur) : What a word :

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : I withdraw it, if that word is unparliamentary. He was pulled up. I want this word off the record...

MR.DEPUTY SPEAKER : You can say, Prime Minister pulled up the Governor,

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Strongly pulled up the Governor...

SHRI HARIKESH BAHADUR : That word is not unparliamentary, Sir.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Later on he said, well, he did not really mean what he said, etc.

**Not recorded.

Now, however, the Governor has given a taped interview to the Indian Express sometime earlier. This was on the 6th of November. And it appeared in the Sunday Indian Express. The question was put squarely to Mr. Pande. Well, he is your officer, that is, Governor under Central rule ; he is directly under you, a man working under your instructions and the question was put by Indian Express :

'Do you see a foreign hand in the latest happenings in Punjab ?' And Mr. Governor replies :

> 'I have not been able to discern anything yet. Different people who have met me have expressed their suspicions about foreign elements in the incidents in Punjab. No such information or facts have come to my knowledge.'

This is what Mr. Pande, the Governor of Punjab, says in a taped interview to the *Indian Express* published on the 6th November. Now, the hon. Minister asks whether I rely on the newspaper report. I am relying on the Governor.

Then, Sir, a question was asked in the Rajya Sabha on 17th November 1983. Question No. 458. This is for Mr. Buta Singh's benefit who generally does not follow what is going on in Parliament. Otherwise, he would not say what he said. Now, the question is regarding Crimes in Punjab. This question is like this—

> "458 (c) whether Government have investigated into the alleged role of Pakistanis masquerading as Indians causing disturbances in Punjab."

This was the allegation made by Mr. Zainul Basher, a minute ago in a breezing manner about the involvement of foreign powers. The reply given by the Minister is like this.

> "(c) & (d) : Government have come across some reports in this regard for which enquiries are being made."

When you say the Government has come across the report, it means that the Government has seen some newspaper reports, But somebody came and told them "it is not based on authentic information. It is not the internal intelligence report. Some report they may have heard from the radio broadcasts and they are investigating and making enquiries". I want the Minister to tell us whether has completed his enquiries and whether he has something specific to say. Now, there is another question, that is, Q. No. 1112 was put in the Rajya Sabha on 1st December 1983. This question reads like this.

> "(a) whether Government's attention has been drawn to the news item appearing in *Hindustan Times* of 19th October, 1983, to the effect that. CIA was training Sikh terrorists to Pakistan ; and
>
> (b) if so, what are the details in this regard ?"

Here the reply has been given by Nihar Ranjan Laskar.

> "(a) & (b) Government have come across some reports in this regard. The authorities are keeping a close watch in this regard."

Sir, what is this answer ? Is it a fact ? It is not a fact. Mr. Zainul Basher was quoting the *Hindustan Times*. The *Hindustan-Times* had this report. But here what the Government is saying is that he is keeping a close watch. Is it true ! Is it what you confirmed or do you deny it ?

Now, coming to the Unstarred Question No. 243 in the Lok Sabha, what did the Government say ? The question is like this.

> "(a) whether it is a fact that Pakistani agents are helping in making bombs and some people are being trained in sabotage there and there is a sustained compaigning and rumour-mongering to create panic ?"

The reply given by Mr. Nihar Ranjan Laskar, is as like this.

> "(a) Government have come across some reports in this regard for which enquiries are being made.
>
> (b) There is no confirmed evidence at present in this regard."

Again Unstarred Question No. 279 put in the Lok Sabha, dated 16th November 1983, reads like this.

> "(a) whether during current year six explosions took place in Delhi.

(d) whether any foreign hand has been found ?"

The answer given by Mr. Venkatasubbaiah, reads like this.

Sir, in several districts of Uttar Pradesh people died because of malaria as it was not properly and timely detected. Such things are happening throughout the country. As far as medicines are concerned although Government is giving money yet the medicines are not reaching the poor people. Government does not have any machinery to monitor whether the benefit is reaching the poor people. Drugs are sold in the market. The poor are neither getting good treatment nor anybody is listening to them. Poor people are being forced to buy medicines from the open market. Since they are very poor, it becomes difficult for them to purchase medicines from the market.

MR. DEPUTY SPEAKER : Please conclude.

SHRI HARIKESH BAHADUR : Sir, a word obout drinking water. My friend had raised the question but the hon. Minister did not reply. I would like to know whether Government is having any proposal to provide drinking water in all the villages. If so, when will the Government be able to provide drinking water to all the villages ? I would also like to know whether Government is having any proposal to increase the number of primary health centres which are at present only six thousand in number. This small number of primary health centres cannot provide medicine even according to Government data to more than 14 to 15 crores of people.

This is from the 'Indian Express' of 4th December 1983, that is yesterday. The news item is that harmful aruge are being used in India. It was said by an expert. I would like to quote here the relevant portion.

> "Certain harmful drugs which have been banned in Nepal, Bangladesh, Sri Lanka Pakistan and Malaysia are still being administered to patients in India, according to a medical expert from Bangladesh".

Further I quote—

> "Citing the example of analgin, Dr. Zafrullah Choudhury Director of Gonoshasthya Kendra (People's health centre) Dhaka, recorded that India, emerging as a leader in third world, is still permitting the use of this".
>
> "He said drugs banned in Bangladesh are still being marketed in India by multinationals."

Sir, this is a very serious matter. I do not know whether the attention of the Government was drawn to this news item. The Government must take care of such a serious information. This medicine is specially being used by the poor people in our country. The doctors are prescribing these cheap medicines and they are distributed in the hospitals. The costly medicines are not provided in the hospitals. Only rich and resourceful people are able to get such costly medicines which are not harmful to health. But these cheap medicines which are dangerous and harmful to health are given to the poor people in the hospitals. I would request the hon, Minister to look into this. I would also like to know whether he has seen this news item and if he has seen, I would like to know what he has done in this regard.

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : उपाध्यक्ष महोदय, नारों से सरकार बनाई तो जाती है, लेकिन चलाई नहीं जा सकती। हैल्थ मिनिस्टर अगर झूठ बोलता है, तो उसकी हैल्थ घट जाती है।** बोलने से तंदुरुस्ती गिरती है, इन बात का पूरा बेस है। मेरी भी गिरेगी, अगर मैं** कहूंगा और** बात वह भी नहीं कहेंगे।

SHRI B. SHANKARANAND : He has used the word **. This is unparliamentary. This should not go on record.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will go through the records.

AN HON. MEMBER : It is not unparliamentary.

MR. DEPUTY SPEAKER : You leave it to the Chair. We will decide it.

श्री मूल चन्द डागा : मंत्री महोदय ने कहा है कि 2000 तक सब को स्वास्थ्य सुविधाएं दे दी जाएंगी। यह अच्छा नारा है। आज हिन्दुस्तान में 52 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से नीचे हैं। ये गवर्नमेंट के फिगर्ज हैं। मेहरबानी करके मिनिस्टर साहब बताएं कि जो लोग गांवों में रहते हैं, उनमें एक आदमी पर सरकार स्वास्थ्य के लिए ऐवेरेज कितना खर्च करती है। वह यह भी बताएं कि एडमिनिस्ट्रेटिव एक्सपेंडीचर कितना है और दवाइयों पर कितना खर्च होता है। 30,000 आदमियों पर एक प्राइमरी हैल्थ सेंटर है, ट्राइबल एरिया में 20,000 आदमियों पर एक प्राइमरी हैल्थ सेंटर है और 5,000 आदमियों पर एक सब-सेंटर है। आज एडमिनिस्ट्रेटिव खर्चा है 17,000 रुपए और दवाइयों पर खर्चा है 5,000 रुपए। वे दवाइयां 20,000 लोगों पर बांटी जाती हैं। 5,000 रुपए की दवाइयों में से 1,000 रुपए की दवाइयां डाक्टर साहब और उनके सम्बन्धियों के घरों में, एम०एल०ए० और एम०पी० के पास जाती हैं। और वह जाती है गांव के मुखियों के पास। 1,000 रु० की दवा जाती है गांव के बड़े-बड़े लोगों के पास। और जो दवा बचती है उसमें से कुछ कम्पाउन्डर ले जाता है, कुछ नर्स ले जाती है। आप बतायें कितने रु० की दवाइयां 30,000 लोगों में बांटते हैं? इसलिए यह न कहिए कि 2000 ए०डी० तक सब तक स्वास्थ्य की सुविधायें पहुंच जायेंगी। गांवों में तो डाक्टर ही नहीं हैं। लेकिन आपने कह दिया कि डाक्टर हैं। मेरा कहना है कि कोई गांवों में डाक्टर जाना ही नहीं चाहता। राज्यों में शहरों में सरकारी डाक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। कभी आपने कहा है कि जो नौकरी करेगा उसको प्राइवेट प्रैक्टिस अलाऊ नहीं करेंगे? आज 27,000 डाक्टर बेकार हैं, लेकिन गांव में कोई जाना नहीं चाहता। बड़े-बड़े अस्पतालों में जैसे आल इंडिया इंस्टीट्यूट या राम मनोहर लोहिया में जो रूम्स हैं वह एम० पीज० एम. एल. एज. और गण्यमान्य लोगों के लिए ही हैं। उनमें गरीब आदमी नहीं रखा जाता है। कैसे आप कहते हैं कि किसी के साथ डिस्क्रीमिनेशन नहीं होगा? एक एक बिस्तर पर 5, 5 बीमार पड़े हुए हैं। क्यों नहीं आप डायरेक्टर को भेज पर दिखवाते? मैं देखी हुई बात कह रहा हू एक एक बिस्तर पर 4, 4 बीमार पड़े हुए हैं, और जमीन पर पड़े हैं। कभी आपने यह रूल बनाया है कि क्यू में खड़े होइए, फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व्ड रूल लागू होगा? इसलिए हैल्थ फार आल बाई 2000 ए०डी० कभी नहीं होगा। दिल्ली में 5,000 आदमी पर एक डाक्टर है, और गांवों में 40,000 पर है।

अब आपने हैल्थ वालन्टीयर्स बनाये हैं 3 लाख 60 हजार जो कुछ नहीं जानते हैं। क्या यह लोग 3 महीने में थोड़ी सी ट्रेनिंग लेकर डाक्टर बन गये? पता नहीं किसने सोचा है? राजनारायण जी की बुद्धि थी या जनता पार्टी के दिमाग में आया हैल्थ फार आल की बात। यह वालेन्टीयर्स कुछ नहीं समझते हैं दवाओं के बारे में।

मैं आंकड़ों के जाल में नहीं पड़ता, आप यह बताइए कि आपकी बेसिक पौलिसी क्या है? क्या आपने स्टेट्स को गाइड लाइन्स दी हैं कि

** Expunged as ordered by the Chair.

स्टेट्स के अन्दर सरकारी डाक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करेगा ? स्टेट्स में इतने लोगों पर इतनी दवाओं का खर्चा है। आप ये दवायें हास्पिटल से ले सकते हैं और ये बाहर से आप खरीद सकते हैं। वहां तो डाक्टर ये काम करते हैं कि कि जाओ ये दवाई भी और वह दवाई भी बाजार से ले आओ। हर दवाई को बाजार के लिए कह देते हैं। आपके छठे पंचवर्षीय प्लान में लिखा है कि 2000 ई० तक सब का स्वास्थ्य ठीक हो जाएगा। बूढ़ा भी जवान हो जाएगा। किसी स्थान के लिए बजट में प्रोवीजन है कि 12 लाख रुपया खर्च करना है, तो उसको डाइवर्सिफाई करके चार लाख रुपया काट दिया जाता है। आप देश के नागरिक हैं, आप देश को चलाते हैं और हम आपको सहयोग देते हैं, इसलिए मेहरबानी करके आप सीरियासली इस बात पर विचार कीजिए। मेरा आपसे निवेदन है कि आप उन स्थानों पर कम से कम साल में छः बार जाइए। उस समय आप जाइए, जब आप अपनी आखों से वहां की स्थिति का जायजा ले सकें। सूट पहन कर नहीं एक साधारण आदमी बनकर, एक पेसेंट के रूप में आप वहां जायें वहां की स्थिति को देखें। जैसा आप वहां की स्थिति के बारे में लिखेंगे, हम मान लेंगे। लेकिन आपकी कोई पॉलिसी नहीं है। मैं यह सुझाव देना चाहता हूं कि जो इन्कम टैक्स देने वाले हैं, जिनको दो हजार रुपए तनख्वाह मिलती है, वे लोग हास्पिटल में नहीं जायेंगे। हम लोग थोड़ा फायदा उठाते हैं, लेकिन गरीब को कोई फायदा नहीं हैं। यदि इनडिस्क्रिमेंशन हटाना है तो आप आर्डर निकालिए और इनकलाब पैदा कीजिए।

श्री राजेश कुमार सिंह (फिरोजाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, श्री राम विलास जी ने बहुत सी बातें कही हैं, मैं ज्यादा वक्त न लेते हुए सिर्फ दो-तीन बातें ही कहना चाहता हूं।

आप जानते हैं कि यदि पांच बच्चे पैदा होते हैं तो उनमें से एक पैसा होते ही कुछ देर के बाद मर जाता है। चार बच्चों में दो बच्चों का स्वास्थ्य ठीक चलता रहता है और दो का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता है। मैं आपसे दिल्ली के बारे में कहना चाहता हूं। छोटे बच्चों को आप टीके लगाते हैं, जो कि पैदा होने के कुछ दिनों बाद शुरू हो जाते हैं। आप पोलिया, काली खांसी और चेचक आदि के टीके लगाते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं डा० राम मनोहर लोहिया होस्पिटल में से ठीक नहीं उपलब्ध होते हैं। गांव की बात तो बहुत दूर रह गई, यहां दिल्ली में भी बच्चों को टीके उपलब्ध नहीं होते हैं। क्या आपने कभी राज्य सरकारों से पूछा है कि आपके काम्यूनिटी हैल्थ सैन्टर्स में टीके लगाने की कोई व्यवस्था है या कोई गाइड लाइन्स आपने वहां की सरकारों को दी है ? आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि आगरा जिले में एन्टी-रेबिट का टीका भी उपलब्ध नहीं है।

गांव में अगर किसी को पागल कुत्ते ने काट लिया तो वह वहीं गांव के किसी जादूगर के पास या नीम-हकीम के पास जाकर अपनी जिंदगी गवां देता है, लेकिन एन्टी रैबिट्स के इन्जैक्शन वहां नहीं मिलते हैं। मैं यह बात उत्तर प्रदेश के बारे में कह रहा हूं, दिल्ली के बारे में मुझे मालूम नहीं है। यहां तो शायद यहां की नगर पालिका या नगर निगम कुत्तों को मरवा देती होंगी। लेकिन गांवों में या तो कलैक्टर से लिखवा कर लाओ या किसी को 10 रुपए देकर इन्जैक्शन लगवाओ। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं कि जब बच्चे की स्वास्थ्य की व्यवस्था शुरू में ही नहीं होगी तो जब वह बच्चा स्कूल में पढ़ने जायगा, तब आप उसको क्या हैल्थ देंगे। राम मनोहर लोहिया अस्पताल में खसरे तक के टीके नहीं हैं।

अभी आपने 2000 रुपए की मदद की चर्चा की थी। हार्ट-सर्जरी के लिए मंत्रालय 2000 रुपये की मदद करता है। मेरे सामने केश आया था जिसमें 9 हजार रुपये की संतुति की गई थी लेकिन फाइनेन्स विभाग ने क्या आब्जैक्शन लगाया कि वह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का बेटा है। मुझे इस बात को जानकर बहुत आश्चर्य हुआ—वह

एक सरकारी कर्मचारी हो सकता है, लेकिन एक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी का कितना मासिक वेतन होता है, क्या वह उतना पैसा उपलब्ध करा सकता है ? 18000 रुपए की डिमान्ड थी, उसमें से 9000 रुपए के लिए उस गरीब का बाप आपके पास घूमता रहा लेकिन दुर्भाग्य से आप से सम्पर्क नहीं हो पाया। वह सरकारी कर्मचारी है, लेकिन किस क्लास का कर्मचारी है यह नहीं बतलाया गया—नतीजा यह हुआ कि उसकी मदद नहीं की जा सकी। मुझे यह निवेदन करना है कि 2000 की राशि बहुत कम है, ऐसे केसेज में उसको बढ़ाने की योजना बनानी चाहिए, जिससे कम से कम ऐसे केसेज में जो असहाय हैं, जिन का आपरेशन के लिए वर्षों तक इन्तजार करने के बाद नम्बर आता है जब तक ए०आई०आई०एम०एस० में हार्ट सर्जरी के लिए बुलाया जाता है और उनको जब यह मालूम होता है कि कुल 2000 रुपया सैंक्शन हुआ, 18000 रुपया उनको देना है तब उनकी क्या स्थिति होती है आप स्वयं इसका अनुमान लगा सकते हैं। इसलिए मैं चाहता हूं कि आप इस राशि में वृद्धि का प्रयास करें तथा राज्य सरकारों को निर्देश दें कि एन्टी-रेबिट्स के सेन्टर कम्युनिटी हैल्थ सेन्टर में खोलें और बच्चों को जो टीके लगाये जाते हैं, जिनका 3 महीने और 6 महीने का कोर्स होता है, उनकी व्यवस्था वहां होनी चाहिए।

MR. DEPUTY SPEAKER : You can reply to all the three Members.

SHRI B. SHANKARANAND : The hon. Members have complained in general about shortage of drugs and their pilferages, unwillingness of the doctors to go to the rural areas and the not so proper a behaviour—I don't say improper but absence of respectful behaviour—towards Members of Parliament by some doctors.

MR. DEPUTY SPEAKER : And private practice by doctors.

SHRI B. SHANKARANAND : Regarding discrimination and indiscrimination, I have already replied ; and I do not want to repeat it. But I would advise the hon. Member—or I should say I can request him—to try to develop an attitude towards life i.e., to see the brighter aspects of life, and not always of looking to the dark aspects and having tension in his mind that life is not worth living. I don't think this sort of an attitude will help either or the parliament.

Having heard in detail, what the Government has been doing for the welfare of poor people regarding their health, if they stills that nothing is being done, I have nothing to say.

Regarding private practice by government doctors, may I quote the health policy that is pending before the House for consideration. It says as follows :

> "It is desirable for the States to take steps to phase out the system of private practice by medical personnel in government service, providing at the same time for payment of appropriate compensatory non-practising allowance. The States would require to carefully review the existing situation, with special reference to the availability and dispersal of private practitioners, and take timely decisions in regard to this vital issue."

This year, the Central Council of Health which is constituted by the Health Ministers of the States, and Union Territories they have passed a resolution. It states as follows :

> "All States/UTs. should consider the desirability of taking immediate steps to phase out the system of private practice by medical personnel in Government service, providing at the same time for-payment of appropriate compenastory non-practising allowance not imposing any ceiling on Pay plus N. P. A. The upper limit of NPA of Rs. 600 is 2 decades old and needs revision."

This is the recommendation of the Central Council of Health.

The government isin the right direction.

SHRI SUNIL MAITRA (Calcutta North East) : It only betrays the ignorance of the government regarding re-arming of the private practitioners.

SHRI B. SHANKARANAND : Regarding availability of drugs and vaccines, the

hon. member from Uttar Pradesh has brought to my notice about the shortage of rabi vaccine in U.P. If any specific instance is brought to my notice, we will take prompt action. To my knowledge, so far, we have not received and report of shortage in this regard.

18.50 hrs.

DISCUSSION ON THE STATEMENT RE : SITUATION ARISING OUT OF REPORTED TRAINING CAMPS OF EXTREMISTS OF PUNJAB IN NEIGHBOURING AREAS OF THE STATE-CONTD.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now we take up.....

(Interruptions)

SHRI P. NAMGYAL (Ladakh) : Postpone it.

MR. DEPUTY-SPEAKER : You please wait.

(Interruptions)

MR. DEPUTY SPEAKER : Hon. Members, please wait. Please. Mr. Namgyal, if you want to postpone it, tomorrow we are taking up at 2 P. M. on the request of all the Members, the international situation. Supposing we postpone it, if we could not take up this then you should not blame the Chair. Therefore, you suggest to me now. Many Membres have Spoken, *(Interruptions)*

SHRI P. NAMGYAL : Postpone it to day-after-tomrrrow.

MR. DEPUTY SPEAKER : It is not like that. You cannot postpone it to day after tomorrow or the 14th and so on. Take, for instance, the international : situation, is it not an important subject ? We have to take it up at 2 P. M. Therefore, Dr. Subramaniam Swamy suggests because he was one of the movers of this Calling Attention Motion.....

(Interruptions)

MR. DEPUTY SPEAKER : What is it you are talking ?

SHRI P. NAMGYAL : We may postpone it.

SHRI SURAJ BHAN (Ambala) : From our party no one has spoken.

MR. DEPUTY SPEAKER : He is wanting postponement. If you want to continue I have no objection.

(Interruptions)

MR. DEPUTY SPEAKER : All right. What is the sense of the House ?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P.C. SETHI) : I have to reply in the other House tomorrow. I would therefore appeal to hon. Members, and also to the Chair that it may be finished today.

MR. DEPUTY-SPEAKER : The Minister wants that we should finish it today. I would therefore appeal to hon. Members not to take much time, not to repeat what the other hon. Members have said, and not to go around Punjab, Chandigarh and other places and all that, but to come to the point. The Minister will reply and then only we will adjourn. You also assure me that any Member, after he speaks, does not leave the House.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East) : The *raga* and *tala* should be new.

MR. DEPUTY SPEAKER : You must know that the Press also have criticised that at times there are not sufficient Members in the House. You would have also seen. When important matters are discussed, all the Members should be present, both the sides must organise so many Members and if the discussion is there, then only it will be good. Therefore, please, *(Interruptions)*

MR. DEPUTY SPEAKER : We are therefore continuing the discussion and I will appeal to hon. Members not to take more time.

Till what time we should sit, you please tell me. We will sit till you finish. Who is to speak now.

Mr. Rajesh Kumar Singh.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Some *ragas*, same *talas*, and the tune also is the same.

MR. DEPUTY SPEAKER : What can I do ? If it is postponed it will never come up ; we are takingup the Five-Year Plan, then the international situation is there.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : All the failures of the Government we are going to discuss.

MR. DEPUTY SPEAKER : I am fixing the time. Each hon. Member will not take more than ten minutes. Mr. Rajesh Kumar Singh.

SHRI G. L. DOGRA (Jammu) : It is not possible. It is impossible.

MR. DEPUTY SPEAKER : You leave it to the Chair. I am very sorry.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Kashmir Members have to speak a lot,

MR. DEPUTY SPEAKER : That is all right. I am only appealing to the hon. Members that they should finish their speeches within ten minutes· Why do you object Some Members may finish it before ten minutes. If you want to takemore time, you can take Mr. Rajesh Kumar Singh.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : A good suggestion has not been accepted.

श्री राजेश कुमार सिंह (फिरोजाबाद) : पंजाब की समस्या काफी गंभीर समस्या है और इस सदन में बार-बार इस बारे में चर्चा हो रही है और आगे भी चर्चा होने की संभावना बनी हुई है। हमें लगता है कि हम कुछ दिन बाद आदी हो जाएंगे और पंजाब में जो कुछ हो रहा है वह होता रहेगा। कभी कभी ऐसा अहसास होता है कि पंजाब में सरकार है या नहीं।

मान्यवर एक बात कभी कभी लगती है कि सरकार एक पक्ष अख्तियार करना चाहती है। पंजाब में जो कुछ हो रहा है उसके लिए कुछ अन्य लोग जिम्मेदार हैं। सरकार जिम्मेदार नहीं है। नहीं तो प्रशिक्षण शिविर वाली बात का जो जिक्र किया गया जिसमें कहा गया कि 6 प्रशिक्षण शिविर जम्मू-कश्मीर में लगे, दो हिमाचल प्रदेश में लगे और बाकी के पता नहीं है। मैं माननीय गृह मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि बाकी क्या जिन राज्यों में आप की ही सरकार है क्या वहां ट्रेनिंग दी जा रही है। मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि जब जम्मू कश्मीर से हथियार सप्लाई होते हैं और फैक्ट्री पकड़ी जाती है और किसी धीरेन्द्र ब्रह्मचारी का नाम आता है तो सरकार मौन हो जाती है। सरकार क्यों मौन रहती है। जम्मू कश्मीर में ऐसी घटना हो रही है तो जम्मू कश्मीर की सरकार की जिम्मेदारी है। सही मायने में वह सिर्फ मनगढ़न्त बात है या यह मंशा है कि स्वामी धीरेन्द्र ब्रह्मचारी की स्पेनिश बंदूकें पकड़ी गई हैं, उसी पृष्ठभूमि में यह बात आ गई है और सरकार ने कहा कि वहां कुछ अरसे से ऐसा चल रहा है। मान्यवर मैं इस विषय पर नहीं जाना चाहूंगा। सभी जानते हैं कि श्री जरनैल सिंह भिंडरांवाला को प्रोत्साहन देने वाले लोग कौन हैं। वे छिपे नहीं हैं। आज हमारे महामहिम राष्ट्रपति ने भी बड़ी चिंता व्यक्त की है। जो कुछ हो रहा है, बड़ा दुखद और दर्दनाक है। सरकार ने आज तक इसके सोल्यूशन के लिए कौन सा रास्ता अख्तियार किया है ? क्या सरकार एडमिनिस्ट्रेटिव पहलू या शासन को सख्त करके इस समस्या का समाधान करना चाहेगी या सरकार पोलिटिकल सोल्यूशन के हक में है। मेरा ख्याल है सरकार के अन्दर शक्ति नहीं है। अगर शक्ति होती तो उग्रपंथियों को दबाने में सरकार कामयाब हो जाती। भिंडरावाले बार-बार कह देते हैं कि सरकार में साहस नहीं है। आज गृह मंत्री जी ने वक्तव्य दिया कि गुरु नानक के पवित्र स्थान से उत्तेजित और भड़काने वाले ब्यान देते रहे हैं। बार-बार गुरु नानक निवास की बात आती है। सरकार क्यों नहीं कदम उठाती ? सरकार को डर लगा हुआ है। क्या सरकार पंजाब के इलैक्शन्स के लिए हिन्दुओं का बलिदान करना चाहती है। हिन्दुओं के अन्दर यह भावना पैदा हो कि हमारी सुरक्षा सिर्फ सत्तारूढ़ सरकार ही कर सकती है। जम्मू-कश्मीर के चुनाव में हमने कुछ हरकतें देखी। मेरे कहने का मतलब यह है कि यदि ऐसी ही घटना हिमाचल में घटती है तो दोनों को एक ही दृष्टिकोण से देखना चाहिए। आपने क्या कभी हिमाचल के चीफ मिनिस्टर से यह पूछा कि आपके यहां कैम्प कैसे लगे ? इसलिए, आपको नैतिकता का अधिकार प्राप्त नहीं होता। आप अपनी सरकार को भी एक ही छड़ी से हांकेंगे तो तभी

कुछ हो सकता है। आपको यह अच्छी तरह से मालूम है कि गुरु नानक निवास एक रहने की जगह है, एक धार्मिक स्थान रहने का हो सकता है। वहां पर लोग जूते पहनकर चले जाते हैं। क्या वजह है कि आप गिरफ्तारी नहीं करते। ऐसी परिस्थिति पैदा होती है कि आए दिन निर्दोष लोगों को बसों से उतार कर मार दिया जाता है। कुछ पागल हैं जो और प्रांतों में हरकतें करने लगे हैं। आप कहते हैं, संवेदनशील इलाका है, सीमा पर लगा हुआ है, विदेशियों की गतिविधियां चल रही हैं। आप क्यों नहीं बात स्पष्ट रूप से कहना चाहते। क्या आपके अन्दर कोई डर छिपा हुआ है? आपकी पार्टी के कई माननीय सदस्यों ने कहा कि पाकिस्तान में लोकतंत्रीय आन्दोलन चल रहा है, हमें बड़ी हमदर्दी है हो सकता है, फारेन अफेयर्स पर कल चर्चा आ जाए और लोग अपने व्यूज एक्सप्रेस करें। जब वहां की चिंता रहती है तो पहले देश की चिंता रहनी चाहिए। आपकी नीतियां ऐसी हैं जो आपस में टकराती हैं। अकाली दल या भिंडरावाले का मतलब सिख समुदाय नहीं है लेकिन उसे बनाने की साजिश चल रही है। कल परसों सीसगंज गुरुद्वारे का हंगामा कर दिया। भिंडरावाले का ब्यान आ गया कि वहां प्रवेश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस राजनीति के खेल में आप कहीं निर्दोष लोगों को न मरवा दें। हथियार आज तक क्यों नहीं आपने पकड़े? मंदिर में आग लगा कर लोग भाग गए, इसका विवरण आज छपा है। मोटर साइकल पर आए और भाग गए। आश्चर्य की बात है कि गुरुद्वारे में हथियार आ रहे हैं और पुलिस आपकी द्वार पर खड़ी है और वह पकड़ नहीं पा रही है। क्या वह सोई हुई है? पुलिस वहां खड़ी क्या कर रही है। आप अपनी जिम्मेदारी से दूर न हटें। आप सख्त कदम उठाएं। देश को बचाने के लिए यदि सौ दो सौ जानें भी चली जाती हैं और देश बच जाता है तो उन लोगों की कीमत कुछ नहीं है। आप देश को बचाना नहीं चाहते हैं। आपका दूसरी तरफ दिमाग बना हुआ है। आप पौलिटिकल सौल्यूशन ढूंढें, आपको किसने मना किया है। आप बार बार कहते हैं कि वार्ता करेंगे। विरोधी पक्ष और अकालियों से करेंगे। किन्तु कुछ होता नहीं है, बात बनती नहीं है। कुछ माननीय सदस्य कहते हैं कि समस्या कुछ नहीं है। कुछ नहीं है तो क्यों आदमी मारे जा रहे हैं। विदेशियों का हाथ इसके पीछे है तो उनकी गतिविधियों को जारी रखने की आप क्यों इजाजत देते हैं। आप ही तो इसके लिए जिम्मेदार हैं।

बुनियादी प्रश्न यही है कि बहुत ज्यादा लापरवाही बरती गई है। काफी अर्से से यहां यह बात होती आ रही है कि लोग मारे जा रहे हैं। आप ब्यान दे देते हैं। कल भी बयान दे देंगे। हमें भी मौका तब मिल जाता है चर्चा में भाग लेने का। आम आदमी सोचने लगा है लेकिन सरकार सोचती नहीं है। सरकार चलाने का यह तरीका नहीं है। राजनीतिक तरीके भी कुछ हैं। लेकिन प्रशासनिक भी हैं, एडमिनिस्ट्रेटिव भी हैं। सरकार का कुछ कर्त्तव्य भी है, फर्ज भी है और उसको उसे निभाना होगा।

कंसेशन किसी को देने की जरूरत नहीं है। धीरेन्द्र ब्रह्मचारी हो या भिंडरांवाला कानून की नजर में सब समान हैं।

कभी कभी कह दिया जाता है कि कैम्प लगाए गए हैं, प्रशिक्षण शिविर चल रहे हैं इस वास्ते ये घटनाएं घट रही हैं। हम कहते हैं कि ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। सारे देश के लोगों के लिए यह सोचने की बात है और वे इस पर सोच भी रहे हैं लेकिन सरकार सोच नहीं पा रही है और फैसला नहीं कर पा रही है कि उसे क्या करना चाहिए। सरकार को कमजोर नीति नहीं बल्कि मजबूत नीति अपनानी चाहिए, मजबूत कदम उठाने चाहियें। ऐसा नहीं किया गया तो स्थिति भयानक बन जाएगी। जैसे उन्होंने आज यह कह दिया है कि हिन्दुओं को कत्ल कर दिया जाएगा। कल को अगर कोई हिन्दू नेता कह देता है कि सिखों को कत्ल कर देंगे तो क्या स्थिति बनेगी। आप कह देंगे कि

पागल की बात है और अखबार वालों ने छाप दी है। कुछ न कुछ बात होती है तभी तो अखबार वाले छापते हैं। आपकी मंशा के माफिक हो तो ठीक और विपरीत हो तो गलत, ऐसी बात नहीं होनी चाहिए।

कितने उग्रपंथियों को आपने गिरफ्तार किया है, कितनों को अपराधी घोषित किया है और कितनों को सजा दिलवाई है, यह मैं जानना चाहता हूं। साथ ही आप यह भी बतायें कि कब तक आप भिंडरांवाला को गिरफ्तार करेंगे और खाली उसके खिलाफ रिपोर्ट ही दर्ज नहीं करते रहेंगे। उसके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई निश्चित रूप से होनी चाहिए ताकि देश के लोगों को यकीन हो कि देश की अखंडता आपके लिए सर्वोपरि है और साम्प्रदायिक भावना फैलाने वालों के खिलाफ फिर चाहे वह हिन्दू हो, सिख हो, मुसलमान हो, जैन हो, कार्रवाई की जाएगी। अगर इसी तरह से लोगों की जानों के साथ खिलवाड़ होती रही तो आने वाली जनरेशन आपको माफ नहीं करेगी। लोगों को यकीन होना चाहिए कि सरकार सख्त कदम उठा रही है। विरोधी पक्ष भी न्यायसंगत कदम उठाने के लिए मुझे आशा है आपको पूरा समर्थन देगा।

मैं कोई उनके वक्ता की हैसियत से नहीं कह रहा हूं लेकिन मैं ऐसी उम्मीद करता हूं कि सारे देश के लोग आपके पीछे होंगे। लेकिन यदि आप राजनैतिक उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करेंगे और पंजाब की सरकार को फिर वहां एस्टैब्लिश करना चाहेंगे तो ऐसे तरीकों से सरकार नहीं चलती है और न चल पाएगी। इससे सद्भावना पैदा नहीं होगी। इस के लिए आप को अपनी तरफ से पहल करनी चाहिये और इन एक्सट्रीमिस्ट्स के खिलाफ कदम उठाना चाहिये। इसके साथ साथ पोलिटिकल साल्यूशन के लिए भी आप अपना दिमाग बना कर काम करें और एक सही भावना देश के अन्दर बनाएं जिससे देश की एकता बनी रहे, लोगों में सहयोग और सद्भावना बनी रहे। अगर ऐसा नहीं हुआ तो निश्चित रूप से देश के अन्दर ऐसी प्रतिक्रिया होगी जिस की कोई कल्पना नहीं कर सकता है। आज सिख कहेंगे, कल हमारे मुसलमान भाई कहेंगे, परसों अछूत और हरिजन भाई कहेंगे कि उनके लिए भी कोई जगह दें। यह हालत देश की बन रही है और आप उसी के सामने झुक जाते हैं जिस के हाथ में लाठी की ताकत होती है, जिस के हाथ में लाठी की ताकत नहीं होती उसके साथ आप कोई वार्ता करने के लिए तैयार नहीं होते।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत मशकूर हूं कि आप ने मुझे मौका बख्शा। आज जो बहस चल रही है यह बहुत जरूरी है और इसकी बहुत इम्पार्टेंस है। जम्मू काश्मीर और पंजाब के लोगों के लिए यह जिन्दगी और मौत का सवाल है और देश की एकता, उसकी इन्टीग्रिटी का सवाल है। मैं इस बात से भी मुत्तफिक हूं कि इसको पार्टी बेसिस पर या पोलीटिकल बेसिस पर नहीं बल्कि नेशनल इश्यू के तौर पर लेना चाहिये और सब को इसे समझ कर इस पर अमल करने की कोशिश करनी चाहिये। ...(व्यवधान)...

डॉ० सुब्रह्मण्यम स्वामी : राष्ट्र हित के बजाय सत्य पर लेना चाहिये।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : मैं स्वामी जी से यह कहना चाहता हूं कि जो मैं कह रहा हूं उसे वह जरा सीरियसली लें। कभी किसी वक्त तो सीरियस हो जायें। कभी इधर बहकना, कभी उधर बहकना, कभी इस्रायल चले जाना, कभी चीन चले जाना, इससे कुछ हल नहीं होना। कम से कम जब मुल्क की बात होती है तब तो रंजीदगी से सुनना चाहिए। आप जब इस किस्म की बात करते हैं तो बड़ा दुख होता है। आप इतने पढ़े लिखे आदमी हैं। आप कहते हैं कि "मैं अमेरिका में प्रोफेसर रहा"। इस किस्म के प्रोफेसर इस मुल्क में हो जाएं तो फिर तो मुल्क तबाह हो जायेगा। मुझे मजबूर न करें। मैं किसी के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता। हम जिम्मेदार लोग यहां बैठे हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि कुछ हिस्टारिकल फैक्ट्स हैं और उसमें कुछ लोग तो जो यहां बैठे हैं वह हिस्ट्री को जानते हैं। कुछ ऐसे लोग हैं जो जेनुइनली ऐन्टी इम्पीरिअलिस्ट हैं, जो इम्परियलिज्म को यहां नहीं आने देना चाहते। कुछ ऐसे लोग हैं जो बिलकुल ऐन्टी-कम्यूनल हैं, जो बिलकुल इस तरह की बातों को नहीं चाहते। लेकिन कुछ न कुछ तो बात है। आपोजीशन की नुकता चीनी सियासी नजरिए पर निर्भर है। आपका यह कहना कि हम वोट लेने के लिए पंजाब का हल नहीं होने देते, सरासर गलत है। इन हालात में क्या हिन्दू हमको वोट देंगे या अकाली हम को वोट दे देंगे, इस तरीके की बात कहना ही गलत है। यह सही अप्रोच नहीं है, यह लोगों को परेशान करने वाली अप्रोच है। इस तरह की बात कर के हम मुल्क की पब्लिक ओपिनियन के साथ सही बर्ताव नहीं कर रहे हैं।

सुब्रह्मण्यम स्वामी जी ने दो तीन बातें कहीं वह गए, लोंगोवाल जी से मिले। मैं भी लोंगोवाल की इज्जत करता हूं। सिखों के खिलाफ न तो हमारे यहां कोई खास लोग हैं न आम तौर पर पब्लिक है न कोई पोलिटिकल पार्टी, मैं समझता हू कि इन के खिलाफ है। लेकिन जो लोग बुरी किस्म की हरकतें करते हैं, उन के खिलाफ जरूर हैं। यह कहा गया नानक निवास में कमरा नम्बर 32 को देखा, उसमें कोई नहीं है। एक कमरे में जाने से कुछ नहीं जान पड़ता अभी चन्द दिन पहले की बात है कि हिन्दू कालेज अमृतसर में अमरीक सिंह का नानक निवास से टेलीफोन आता है कि तुम ग्रन्थ साहब का पाठ कालेज में रखो नहीं तो तुम्हारी ईंट से ईंट बजा दी जाएगी। यह अमृतसर के अन्दर की बात है। प्रिंसिपल ने कहा कि आज तक यहां ग्रन्थ साहब का पाठ कभी नहीं हुआ, तो अमरीक सिंह ने कहा कि आप को करना पड़ेगा वरना हम आप की ईंट से ईंट बजा देंगे। उसके बाद प्रिंसिपल साहब डी० सी० के पास गए। डी.सी. ने कहा कि दो दिन के लिए कालेज बन्द कर दो। फिर हिन्दू कालेज मैनेजिंग कमेटी के चेयर मैन चौधरी बल्देव कृष्ण नानक निवास में एक डेपुटेशन लेकर अमरीक सिंह से मिले वहां पर उन्होंने कोई बात नहीं मानी। लोगों की रेजिस्टेंस से अभी तक सिचुएशन बची हुई है। फिर भी सुब्रह्मण्यम स्वामी कहते हैं कि नानक निवास में कोई भी मशकूक आदमी नहीं है।

आप यह कहते हैं कि भिंडरांवाला वहां नहीं है? अगर आप अकाली लीडरों के दोस्त हैं, यदि आप पंजाब में अमन चाहते हैं तो आप कहिये कि भिंडरांवाला को बाहर निकालिए। अगर भिंडरवाला सही है उसने कोई अपराध नहीं किया है तो अदालत के सामने आये और बरी हो जाता है तो बात साफ हो जायेगी। हमको इसमें लिपटा पोची से काम नहीं करना चाहिए। नेक नियत अपोजिशन को और हमको साफ कहना चाहिए बल्कि पूरे जोर से कहनी चाहिए कि जो गड़बड़ करने वाला है उसको कहीं प्रोटेक्शन नहीं मिलनी चाहिए। हम नहीं चाहते कि गुरुद्वारों या दूसरे धार्मिक स्थानों की मर्यादा का उल्लंघन हो। मगर वहां के अधिकारियों की कोई जुम्मेदारियां हैं।

मैं यह कहना चाहता हूं कि दरअसल यह सब इंपीरियलिस्ड कांसप्रेसी है और आज की नहीं है। महाराजा प्रताप सिंह के जमाने से है, यह काश्मीर की बदकिस्मती है या खुशकिस्मती है, पता नहीं। रूस के साथ भी और चीन के के साथ इसकी सरहदें लगती हैं। ब्रिटिश इम्पीरियलिज्म साम्राज्य सीयर हैड करता था उस वक्त महाराजा प्रताप सिंह को डिपोज करके इस स्टेट पर कब्जा करना चाहा तो अमृतबाजार पत्रिका के एडीटर मि० घोष ने रेजीडेंट के दफ्तर से पूरा पता कर के इस साजिश को एक्सपोज किया और इस स्टेट को बचाया और उस वक्त अंग्रेज इस रियासत पर कब्जा नहीं कर सके।

आज उन्हीं घोष साहब की बहादुरी का नतीजा है कि आज भी हिन्दुस्तान की सरहद रूस के साथ भी मिलती है, चीन के साथ भी मिलती है, उसके कुछ हिस्से पर बेशक पाकिस्तान कब्जा

कर चुका है, मगर कानूनी तौर पर पूरी रियासत भारत का अंग है। तब से लेकर बराबर यह कांसप्रेसी चल रही है। आपने देखा कि पाकिस्तान कितनी दफा आर्म्ड हो चुका है। अमरीका के इंपीरियलिज्म ने उसे कभी चाइना से लड़ने और कभी रूस से लड़ने के लिएके लिए हथियार दिए जोकि हमेशा हमारे खिलाफ इस्तेमाल हुए और यहां श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी पूछते हैं कि कौन सी फारेन पावर है जिससे आर्मामेंट पाकिस्तान में आ रहा है? आपको नजर नहीं आता, क्या आपको इसका इल्म नहीं है कि कितने खतरनाक हथियार वहां आये हैं? क्या आप जानते नहीं हैं? ये इम्पीरियलिस्ट लोग उसको असला दे रहे हैं हम पर अटैक करने के लिए, हिन्दुस्तान का मटियामेट करने के लिए। इंटरनल गड़बड़ी भी यह इम्पीरियलिस्ट करना चाहते हैं।

मैं सिर्फ घोष साहब वाली बात ही नहीं कहता, सन् 1951-52-53 में लाय हंडरसन ईरान में अमरीकी अम्बेसेडर था वह श्रीनगर में 1952 में आये, 1951 में आये और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती हंडासन यहां आई थीं वह बहुत खूबसूरत औरत है और वह सारा समर वहां रहते थे और वह बारबार शेख साहब से मिलते थे। उन्होंने शेख साहब की रियासत में उलझाव पैदा कर दिया। मैं उस वक्त शेख साहिब की कैबिनेट का मैम्बर था। मेरे बाद में बोलने वाले काबली साहब असेम्बली में बोलते वक्त जो तकरीरें उन्होंने की हैं, उन्हें भी याद रखें। लाय हंडरसन के वक्त शायद छोटे बच्चे थे, उनको यह सब भी मालूम नहीं होगा। शेख साहिब के सियासी उलझाओं ने 1953 पैदा किया। 1953 के बाद हमारे चीफ मिनिस्टर बख्शी साहिब ने और प्रधान मन्त्री पंडित जी ने इनको डाक्टर बनवाया और हमारी स्टेट ने इनको मदद की और ये डाक्टर बनकर इंग्लैंड चले गये और वहां जाकर ब्रिटिश सिटीजन बन गए। उसके बाद ये वापस आते हैं, वासस आकर यहां किसको लाते हैं। एक काश्मीर लीग लन्दन में है, जो भारत के खिलाफ है। ये उनके आदमियों को यहां बुलवाकर उनको साथ लेकर उनका रिसैप्शन करते हैं, उनको अन्दर बैठाकर बातें करते हैं। जब वह वापस जाते हैं तो कहते हैं कि काश्मीर का क्वैश्चन ओपन है, अन-सैटल्ड है। जाने क्या-क्या बातें हुईं? इन सब बातों को हम नहीं जानते, जो भी एवीडेंस मिलती है वह बिल्कुल एंटी-इंडिया हैं।

एक हमारे मार्शल असगर खां हैं, उनके भाई पाकिस्तान की फौज के रिटायर्ड आफिसर हैं। मैं अखबारों की बात नहीं कह रहा हूं, जो सुब्रह्मण्यम स्वामी कहते हैं अखबारों से कहते हैं, मैं अपनी बात कहता हूं। मैं फैक्ट्स एंड फिगर्स बता रहा हूं। आप कहिये गलत है वैरीफाई कीजिए। मार्शल असगर खां के भाई, जो पाकिस्तान की फौज के अफसर थे, जिन्होंने रेडर्स को लीड किया था जम्मू-काश्मीर में 1947 में, वह यहां आये।

वह डा० फारूक से मिले। उन्होंने कहा कि वह पोल्ट्री खोलना चाहते है, इंडस्ट्री लगाना चाहते हैं। काश्मीर वैली में और सारी सरहदों पर डाक्टर साहिब तीन महीने उनके साथ रहे। उसके बाद वह वापस गए।

SHRI SURAJ BHAN : This is a serious allegation. Home Minister should reply.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Home Minister is there. He should reply to it.

श्री गिरधारी लाल डोगरा : इनकम टैक्स के अफसरों ने डिफरेंट घरानों पर रेड किया, तो हमारे प्रेजेन्ट चीफ मिनिस्टर ने उनकी पिटाई कराई। उन्होंने शेख साहब की जिन्दगी में ही एक्सट्रीमिस्ट्स को, सिख यूथ फेडरेशन को, जिसके चेयरमैन अमरीक सिंह हैं, कनटेक्ट करना शुरू कर दिया था। शेख साहब की गवर्नमेंट के जमाने में ही पूंछ में जो कैम्प लगा उसमें आर्म्ज ट्रेनिंग दी गई। उसमें इनका डी सी गया। वहां पर ट्रेनिंग देते देते गोली चलने से एक सिख मारा गया। क्या-क्या बातें हुईं और हो रही हैं।

वहां पर होम मिनिस्टर साहब की इन-टेलीजेंस इनस्डीक्वेट है। वहां से बहुत कम

इनफार्मेशन आती है। उन्हें अपनी आर्गनाइजेशन को स्ट्रेंथन करना चाहिए। वहां पर पूरी आर्गनाइजेशन रखने की जरूरत है, क्योंकि यह मुल्क की सिक्युरिटी का मामला है। शेख साहब की वफात के बाद उन्होंने उनकी कैबिनेट के बारे में कहा कि यह** है। और उनको हटा दिया उन्होंने उसकी जगह नई कैबिनेट बनाई। उसमें वह उन लोगों को लाए, जिनकी अपनी पोलिटीकल स्टैंडिंग क्वेस्चनेबल है, जिनका कोई सैकुलर स्टैंड नहीं था, जिनका कम्युनल स्टैंड था, जिनकी लीनिंग्ज थीं **नाट टुवर्ड्ज सेकुलरिज्म बट आ दि अदर साइड-आउट साइड इंडिया।**

उन्होंने स्टेट और सैंटर के रिलेशन्ज को आहिस्ता-आहिस्ता अटैक करना और वीकन करना शुरू कर दिया। वह एक रीसेटलमेंट बिल लाए और ट्रांसफर आफ चीफ जस्टिस के मामले पर बड़ा हल्ला मचाया। उन्होंने इलेक्शन कमीशन पर बेइन्तहा इल्जाम लगाए। यही नहीं, उन्होंने उसके डायरेक्शन्ज को खत्म कर दिया और उसके आब्जर्वर्ज की कोई परवाह नहीं की। उन्होंने जुडिशरी के अगेंस्ट टाइरेड किया। जुडिशल सर्विस के लोगों ने अपनी आर्गनाइजेशन के एक फंक्शन में उनको बुलाया। वहां पर उन्होंने ऐसी बातें कहीं, जो इस हाउस में रिपीट नहीं की जा सकतीं। उन्होंने यह भी कहा कि इस स्टेट के लोग बाहर से आने वाले नये चीफ जस्टिस को यहां दाखिल नहीं होने देंगे। उन्होंने कोर्ट, यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट, के आर्डर्ज, डायरेक्शन्ज और फैसलों को टोटली डिसरिगार्ड किया और कहा कि यहां हमारा ही हुक्म चलेगा। जब इलेक्शन कमीशन ने डायरेक्शन देना शुरू कर दिया, तो उन्होंने कहा कि **आई विल हैव इलेक्शन्ज अण्डर यू एन ओसपिशिज।**

डा० स्वामी ने धीरेन्द्र ब्रह्मचारी को लेकर कई बातें कही हैं। **वी होल्ड नो डिफेंस फार हिम।** वह योग सिखाते हैं। वह भी बिहार के हैं और पासवान साहब भी। ये लोग कभी एक तरफ की बात करते हैं, कभी दूसरी तरफ की। वह आपके हैं। हमारे साथ उनका कुछ नहीं है। **वी डू नाट मिसबिहेव विद ऐनीबाडी।** हम सब के साथ प्रेम करते हैं।

डॉ० सुब्रह्मण्यम स्वामी : क्या आपने डा० फारूक अब्दुल्ला के साथ समझौता करने की कोशिश नहीं की ?

श्री गिरधारी लाल डोगरा : आप कर रहे हैं। आप उनके साथ सौदेबाजी भी कर रहे हैं। हमने कभी भी कोई ऐसी बात नहीं की। आज उन्होंने यह फैसला कर लिया है जम्मू कश्मीर और लद्दाख में जहां भी उनको शक है यहां के लोगों ने नेशनल कानफरेंस को वोट नहीं दिये उनको फेयर प्राइस शोप्स से राशन, चीनी और किरोसिन तेल नहीं देते हैं। आज वहां की सरकार आइसोलेटेड सरकार है और मुख्य मंत्री जहां कहीं जाता है लोग उसको ब्लैक फ्लैग दिखाते हैं तो उस जगह के लोगों के घरों में जा कर उनकी औरतों को, उनके बूढ़ों और बच्चों को पीटा जाता है।

क्रिकेट टैस्ट मैच में जो कुछ हुआ वह इनकी शह पर हुआ। इनके पास काफी मसलमैन हैं। एक तरफ तो 70, 80 हजार किसानों ने जब प्रोटेस्ट डे मनाया और अपना चार्टर आफ डिमान्ड लेकर सरकार के पास जाना था उनको तो वहां की सरकार ने मार पीट करवा कर भगा दिया लेकिन मैच में जो कुछ हुआ उसको चीफ मिनिस्टर साहब मजे से देखते रहे। मुझे शक है कि जो वहां एंटी इण्डिया डेमान्सट्रेशन हुआ वह चीफ मिनिस्टर ने खुद करवाया और यह वहां मैच में मौजूद भी थे।

MR. DEPUTY SPEAKER : Some more Members from your Party also want to speak. They are requesting me. So, I am requesting you to conclude now.

(Interruptions)

MR. DEPUTY SPEAKER : Are you giving your name also to him ? He is ready to finish very quickly now.

SHRI P. K. KODIYAN (Adoor) : What is being discussed now ?

MR. DEPUTY SPEAKER : The discussion is :

"Further Discussion on the statement made by the Minister of Home Affairs in the House on 2nd December, 1983 regarding the situation arising out of reported training camps for training of extremists of Punjab in its neighbouring areas."

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : But that is not being discussed now. Kashmir and Pakistan are being discussed. (*Interruptions.*)

श्री गिरधारी लाल डोगरा : कठुआ में सिख एक्सट्रीमिस्ट्स ने हाल ही में कैम्प किया और उसके बाद डा० फारूख साहब भिंडरावाला से जा कर भी खुद मिले और डा० फारूक ने यह एलान किया था कि मैं पेट्रो डालर लाऊंगा ।

मुझसे यू० एस० ए० का एक डिप्लोमेट हाल ही में मिलने आया था मैंने उससे पूछा कि जब यह एम० पी० थे तो स्टेट्स का ट्रिप किसने आर्गेनाइज किया था ? उसने माना कि जब यह एम० पी० थे इनका ट्रिप हमने आर्गेनाइज किया था । फिर मैंने पूछा कि इलेक्शन के पहले जब लड़के और लड़कियों को जहाज में ले गये थे अमरीका तो उसका खर्चा किसने दिया ? तो उसने कहा आई एम क्लियर अबाउट इट ।

DR. SUBRAMANIAM SWAMY : Why is he saying to much ?

SHRI G.L. DOGRA : I am saying it because it is a fact. Why does it irritate you ? It is a question of our life and death.

चिंगस राजौरी डिस्ट्रिक्ट में चीफ मिनिस्टर ने बीफ टैलो पर हिन्दू ऐजीटेट कर रहे हैं, हो सकता है कि सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने मुसलमानों को भी सूअर की चर्बी खिलायी हो वनस्पति में मिला कर और आप लोग बोलते नहीं हैं, ही क्यों नहीं आप लोग बगावत करते । इस तरह से लोगों को भड़काते हैं । मेरी गुजारिश है कि केन्द्र सरकार को इस तरह की बातों की इत्तला समय पर पहुंचनी चाहिये ।

इसी तरह से सर्विसेज में जो आई० ए० एस० और आई० पी० एस० अफसर ईमानदारी से काम करते हैं उनको एक किनारे लगा दिया गया है । आपने अखबार में पढ़ा होगा अभी पुराना ट्रैजर वहां मिला जो कि रायल ट्रैजर है । चीफ मिनिस्टर ने हुक्म दिया कि इस ट्रैजर को उड़ीसा की एक फर्म को सुपुर्द कर दो जो 3 घंटे में उनके सुपुर्द कर दें और देखकर इस को वेलुएट करे । लेकिन वहां की फाइनेंस सेक्रेटरी ने जिसका नाम सुषमा चौधरी था और उसने कहा कि उड़ीसा की फर्म को पजेशन न दो बल्कि एक कमेटी बनाकर अपने सामने इवेलुएट कराया जाय । इसी तरह से जो अनकट मैफ्यिर था उसको भी उड़ीसा की फर्म को सुपुर्द करने को कहा । लेकिन जे० ऐंड० के० मिनरल कोरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर ने पजेशन देने से इन्कार किया और उसने भी इसके लिये एक कमेटी बना दी । यह बात इन को पसन्द नहीं आयी और रात को आर्डर देकर इन दोनों अफसरों को अपनी पोस्टों से हटाकर बेकार जगहों पर बैठा दिया । भारत सरकार ने इन सब बातों के बारे में क्या सोचा है । मैं आपको कहना चाहता हूं कि वहां हालात बहुत ही बुरे हैं । काश्मीर केमुस्लिम सैक्युलर लोग हैं । उन की वजह से ही 1947, 1965 और 1971 के पाकिस्तानी हमलों में हम लोग बचे । वहां पाकिस्तानी ख्यालात के कुछ लोग और जरूर हैं, मगर बहुत कम हैं, लगातार इस प्रकार की कोशिश की जा रही है कि वे काम्यूनल हो जायें, वहां फसाद हो जाये और लोग एन्टी इण्डिया हो जाए । साम्राज्य सेक्युलरिज्य को खत्म करना चाहता है । वह भारत और पाकिस्तान में लड़ाई झगड़ा चाहता है । भुट्टो जब हम से लड़ता था तो बहुत बहादुर था मगर जब उसने हमसे सुलह कर ली तो उसको फांसी पर लटका दिया जाता है । यह इम्पीरीयलिस्टीक इंट्रीग है । वहां की स्थिति से यदि कोई अन्धा भी है बहरा भी है, तो समझ जाएगा कि किस प्रकार की कोशिश वहां की जा रही है । खतरनाक हथियारों के ढेर हमारे इर्द गिर्द लगा दिये हैं ।

training extre. *neighpouring arers*

वे लोग लड़ाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस को मारना चाहते हैं, कांग्रेस के अन्दर प्राइम मिनिस्टर को मारना चाहते हैं।

These people, whether left or right, are all falling in line with the imperialistic forces. They are playing in their hands. They just want to oppose the Congress-I for opposition sake. Let us forget politics for the time being.

मैं आपको कहना चाहता हूं कि आप आई०बी० की आर्गेनिजेशन को इलेबोरेट कीजिए। इनफार्मेशन समय पर आनी चाहिए। जो काम आप को करना है, वह आपको ही करना है। वहां के बाल-बच्चों की जिन्दगी का सवाल है, जो कि खतरे में है। इस वक्त इम्पीरियलिज्म इज एट इट्स बैस्ट। पंजाब और जम्मू काश्मीर को पहले रोंदेंगे और बाद में सबको रोंदेंगे। बाद में बाकी देश को। मैं कहना चाहता हूं कि इस वक्त वहां जो खेल खेला जा रहा है, वह बहुत ही खतरनाक खेल है कि इसलिए सब को चौकन्ना होना चाहिए। सुब्रह्मण्यम स्वामी जी जो बातें मैंने कही हैं, उनकी तहकीकात करें। यदि कोई बात गलत नजर आती है तो बात कर सकते हैं। इस तरह हम ठीक नतीजे पर पहुंच सकते हैं। इतना कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

डा० सुब्रह्मण्यम स्वामी : इम्पीरियलिज्म किस का—रशिया या अमरीका का ?

श्री गिरधारी लाल डोगरा : अमेरिकन इम्पीरियलिज्म।

श्री सूरजभान : उपाध्यक्ष महोदय, आज हम माननीय गृह मंत्री जी के दो ब्यानों और कुछ और लोगों के ब्यानों पर चर्चा कर रहे हैं।

यह चर्चा चुरू के गुरुद्वारे में आग लगने के बारे में जो कुछ अखबारों में छपा वहां से शुरू हुई। चुरू के गुरुद्वारे में जो आग लगी, मैं उसकी निन्दा करता हूं, लेकिन उसके बारे में माननीय गृह मंत्री जी को कुछ जानकारी देना चाहता हूं। इस बारे में मुझे कुछ फैक्ट्स मिले हैं। अभी वह गुरुद्वारा बना नहीं है। उसमें निशान साहब नहीं लगे, गुरुग्रन्थ साहब भी नहीं रखे गए हैं वह अभी भी अण्डर कन्स्ट्रक्शन है। वहां केवल 13 सिख परिवार हैं। उन में से एक भी सिख परिवार वहां का परमानेन्ट रेजिडेन्ट नहीं है। सारे के सारे सरकारी मुलाजिम हैं, 7 पुलिस में है और शायद एक-एक या दो-दो गवर्नमेंन्ट महकमों में मुलाजिम हैं। उसकी कंस्ट्रक्शन के लिये हिन्दुओं ने भी चन्दा दिया था। अगर कोई आब्जैक्शन हुआ था तो एक श्री जोहरअली एडवोकेट थे उन्होंने ऐतराज किया था कि यह यहां पर नहीं बनना चाहिये।

मैं इसकी असल हैपनिंग पर आता हूं—ता० 26 को वहां आग लगती है, दरवाजे का थोड़ा हिस्सा जलता है और ता० 2 को आदरणीय बूटा सिंह जी ने कहा था कि उस अखबार की एजेन्सी के खिलाफ कार्यवाही करो। एक विनोद पाठक नाम का कारम्पोण्डेंट है जो अपने आप को एक अखबार का नुमाइन्दा बतलाता है। वह ता० 27 को यह रिपोर्ट भेजता है कि आग तो वहां लगी ही है लेकिन साथ ही कुछ सिख परिवारों को धमकी आमेज खत भी मिले हैं। वह ता० 27 को हैंड-राइटिंग में रिपोर्ट भेज रहा है और वे खत ता० 30 को उन सिखों को डिलीवर होते हैं। यानी जिन सिख परिवारों का जिक्र वह अपनी रिपोर्ट में ता० 27 को अपनी हैंड – राइटिंग में करता है उन को वे खत 4 दिन बाद मिलते हैं। सवाल यह पैदा होता है कि उस को कैसे मालूम हो गया कि सिख परिवारों को धमकी-आमेज खत मिले हैं ? मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जिस हैण्ड-राइटिंग में वे खत भेजे गये हैं उसी हैण्ड राइटिंग में वह रिपोर्ट है जो प्रेस को भेजी गई थी। मैं यह निवेदन चाहता हूं - उस विनोद पाठक के बारे में जानकारी प्राप्त करें कि चार दिन पहले उस को कैसे एडवांस इन्टीमेशन मिल गयी, जिस से उसने जानबूझ कर भड़काने वाली रिपोर्ट दी। उसका ताल्लुक किस पोलिटीकल पार्टी से है – अगर मैं बतलाऊंगा तो ये लोग चिल्लाने लगेंगे। लेकिन इतना जरूर

बतलाऊंगा कि विनोद पाठक के पिता श्री गंगाधर पाठक राजस्थान गवर्नमेंट के एडवोकेट-जनरल हैं, बहुत इन्फलुएन्शियल (प्रभावी) आदमी हैं। इस लिये आप विनोद पाठक के बारे में एन्कवायरी करायें कि इतनी शरारत–आमेज़ खबर उसने कैसे भेजी ? उसके खिलाफ़ कार्यवाही की जानी चाहिये।

दो स्टेटमेन्ट्स माननीय गृह मन्त्री जी ने दिये हैं - एक कैम्पों के बारे में और दूसरा जो ता० 2 को चर्चा हुई और जिसमें आदरणीय स्पीकर साहब ने गम्भीरता से कुछ बातें कहीं थीं, उनके तैहत दिया गया। दरअसल हम यह सोच रहे थे और कुछ लोग ऐसी चर्चा भी कर रहे थे कि होम मिनिस्टर ने जो वायदा किया है कि सोमवार को स्टेटमेंट देंगे, शायद इन-बिटवीन कुछ एक्शन लेकर हाउस को बतलायेंगे कि हम ने फलां एक्शन ले लिया है। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। कैम्प्स के बारे में आप ने कहा है कि 14 कैम्प्स हुए थे, जिनमें 6 जम्मू-काश्मीर में, 2 हिमाचल में, लेकिन बाकी 6 के लिये आप ने कुछ नहीं बतलाया। मेरी जानकारी है कि ये पंजाब में हुए थे। आप इस बात को कन्फ़र्म कीजिये या डिनाई कीजिये और बतलाइये कि कहां-कहां क्या-क्या होता रहा है।

दूसरा स्टेटमेंट पढ़ने के बाद आप कहते हैं—

> "The Government will take all necessary steps to deal with crime and instigation of crime wherever and by whomever it may be committed."

इस से ज्यादा बुजदिलपने का और डरपोकपने का बयान नहीं हो सकता है, जो आज तक सरकार दिखाती रही है। आप ने अभी तक क्या एक्शन लिया, वह मैं आप को बतलाना चाहता हूं, बल्कि आप को याद दिलाना चाहता हूं—एक बार अकाली दल ने कहा कि हम रेल-रोको आन्दोलन करेंगे, सरकार ने क्या एक्शन लिया- रेलों का चलना बन्द कर दिया। दूसरा- जब कोई कत्ल होता है, डाका पड़ता है या किसी आर्थिक स्थान की बेहुरमती होती है तो आप की तरफ़ से जवाब आता है कि सबको चौकन्ना कर दिया गया है। उससे पहले क्या सो रहे थे ? तीसरी बात जो पंजाब के गवर्नर ने कही है - उन्होंने अकाल तख्त केहैड-प्रीस्ट से अपील की है कि वह हुकमनामा जारी करें कि कत्ल नहीं होने चाहिये। मि० तोहरा जो एस० जी० पी० सी० के प्रेजिडेंट हैं उन्होंने जो स्टैण्ड लिया है या जो विरोध किया है, वह दूसरे कारण से किया है लेकिन मैं इस का विरोध किसी दूसरे कारण से करता हूं—क्या सरकार बिल्कुल नपुंसक हो गई है जो इस प्रकार का हुकमनामा अकाल-तख्त से जारी करवाना चाहती है ? कि वह हुक्म जारी करें। आपकी पुलिस और आप की हुकूमत किस लिए है ? अगर आप वहां से हुक्म जारी करवाना चाहते हैं कि बेगुनाह लोगों को मारना बंद कर दिया जाए तो आप लोग किसलिए बैठे हैं ? क्या आप का यही एक्शन है ? आप आगे और क्या एक्शन लेना चाहेंगे, यह हमें बता दीजिए।

उपाध्यक्ष महोदय, दो-तीन चीजें गुरुनानक निवास के बारे में, मैं कहना चाहता हूं। चन्द दिनों पहले आदरणीय आर० एल० भाटिया, माननीय सदस्य ने अपनी बात कहते हुए यह कहा था कि मिस्टर सन्धु दरबारा साहब में आते हैं, ट्रिब्युन अखबार के लिए अपना इन्टरव्यू देते हैं और फिर वहां से चले जाते हैं उनका इन्टरव्यू अखबार में छपता भी है। मैंने उनसे पूछा कि आप की इन्टेलिजेंस और आपकी पुलिस के आदमी क्या कर रहे हैं ? सन्धु आता है और चला जाता है। चारों तरफ आपकी पुलिस बैठी है, वह क्या कर रही है ? आपको भी तो कुछ करना चाहिए।

वहां क्या हो रहा है, इसके बारे में आपने बयान दिया है कि वहां विदेशों से हथियार आये हैं। किस विदेश से हथियार आये हैं, उसका आप नाम लेते ही नहीं हैं। क्यों नहीं लेते है ? क्या पाकिस्तान से आये हैं, अमेरिका से आये हैं या रूस से आये हैं ? फिर मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि वे हथियार वहां कैसे आते

हैं ? क्या वहां हैलिपेड बना हुआ है जिस पर कि हेलिकोप्टर से आते हैं ? वहां हथियार आते होंगे तो किस वाहन के जरिये से ही आते होंगे। वहां बाहर आपकी पुलिस खड़ी है। क्या उसको इसके बारे में जानकारी नहीं मिलती ? वह उनके बारे में एक्शन क्यों नहीं लेती है ?

अभी डा० सुब्रह्मणयम स्वामी जी का भाषण सुनने के बाद मुझे लगा कि शायद वहां कोई गड़बड़ी नहीं है। अगर यह कहा जाय कि वहां भी कोई स्वामी और सन्त ही गड़बड़ी कर रहे हैं, मेरा मतलब इन स्वामी जी से नहीं है, ब्रह्मचारी जी से है भिण्डरावाला से है जिनको कि स्वमी या सन्त नहीं कहना चाहिए।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं। भिण्डरावाले बयान देते हैं जो कि छपा भी है। अखबार वालों से उन्होंने कहा की मैं तो खालिस्तान का प्रचार नहीं करता लेकिन अगर खालिस्तान बन जाए तो बहुत अच्छा है। यह बात अखबारों में छपी है।

दूसरी बात उन्होंने कही कि रणजीत सिंह अगर बरी हो कर बाहर आ जायेगा तो मैं उसको सोने से तोलूंगा। ऐसी चीज भी उन्होंने कही है। अकाली दल और एस० जी० पी० सी० मांग करते हैं और ऐलान भी करते हैं कि रणजीत सिंह को डिफेंड किया जाए, उसके परिवार का पालन पोषण किया जाए। मैं पूछना चाहता हूं कि अकाली दल और भिण्डरावालां का रणजीत सिंह के साथ क्या ताल्लुक है। कोई कातिल जो कि गिरफ्तार हो गया है, उसके बारे में कोई पब्लिक का आदमी यह कहे कि मैं उसको सोने से तोलूंगा तो क्या पुलिस उसको बख्शेगी ? क्या इस स्टेटमेंट के पीछे कुछ भी नहीं है ? इसके बारे में आप क्या कार्यवाही कर रहे हैं ?

एक बार अमृतसर के पास एक सिख कत्ल हो गया। कत्ल करने वाला सिख, इंक्वारी करने वाला सिख। भिंडरावाले की मेटाडोर उसमें थी जिसको कि इंक्वायरी के बाद छोड़ दिया गया था। लेकिन उसके बाद भी भिंडरावाला घोंस दिखाने के लिए बयान देता है कि अगर शाम को पांच बजे तक उसकी बस छोड़ी गयी तो वह पांच हजार हिन्दुओं का कत्ल कर देगा। इसमें हिन्दू बीच में कहां से आ गये ? राजस्थान के चुरू में ज्यादा कुछ हुआ ही नहीं जितना कि खामखाह बात को उछाला गया है। उसके बाद भी वह कहते हैं कि मैं पंजाब से किसी को निकलने नहीं दूंगा, सभी हिन्दुओं को कत्ल कर दूंगा। उसके पहले ब्यान के बाद सैर करने वाले बसों में सफर करने वाले हिन्दु कत्ल किये गये। इससे क्या आप इंकार कर सकते हैं ? आज तक उनके ब्यान के बाद क्या कार्यवाही की गई ? क्या आप ने इसके लिए इंतजाम किया कि इस किस्म की चीजों की वहां बढ़ौतरी न हो ?

मैं आप से पूछना चाहता हूं कि वहां अभी कितना खून और बहाना बाकी है, कितनी बहिनों का सुहाग उड़ाना बाकी है ? आप पंजाब को खून की नदियों से कब तक निजात दिलाना चाहते हैं या नहीं चाहते है ? क्या यह तब तक होता रहेगा जब तक की पंजाब में अकाली दल के साथ आपकी हुकूमत नहीं बन जाती ?

क्या यही मकसद है। अगर यह मकसद नहीं है तो साफ कह दीजिए। आखिर यह सब क्या हो रहा है। अन्त में मैं कुछ सवाल पूछना चाहता हूं।

19.40 hrs.

[SHRI SUNIL MAITRA *in the Chair*]

आपका नेशनल सिक्यूरिटी एक्ट बना हुआ है। उसकी क्लाज पढ़कर सुनाना चाहता हूं। क्लाज 3 (1) में लिखा है—

"The Central Government or, the State Government, may, after satisfying with respect to any person with a view to preventing him from acting in any manner prejudicial to the security of the State or, from acting in any manner prejudicial to the maintenance of public order, make an order, directing that such person be detained."

जो कुछ भिंडरावाला ने कहा है क्या यह क्लाज उस पर लागू नहीं होती। अगर होती है तो इस नेशनल सिक्यूरिटी एक्ट में उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाता। विद्यार्थी कुछ बात कहते हैं, उनको आप नेशनल सिक्यूरिटी एक्ट में गिरफ्तार कर लेते हैं। मजदूर अपनी मांग करता है तो उसको आप गिरफ्तार कर लेते हैं। बेकार नौजवान अपनी बात कहता है तो आप उसको इस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लेते हैं। भिंडरावाला पर यह एक्ट लागू नहीं होता, उसका क्या कारण है ? अगर कोई डर है तो इसी डर, भय के कारण आज पंजाब आग का शिकार बना हुआ है। यह कब तक जलता रहेगा ? अगर हुकूमत करनी है तो ढंग से कीजिए। लोगों की जान-माल बरबाद मत कीजिए।

दूसरा सवाल मैं पूछना चाहता हूं कि पंजाब के गवर्नर ने एक बयान दिया कि पंजाब के हालात में कोई विदेशी हाथ नहीं है। एक दिन बाद प्राइम मिनिस्टर कहती हैं कि है। अब यह कंट्राडिक्शन है। अगर पंजाब के गवर्नर की बात वाकयी गलत है तो उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई।

मैं पंजाब के गवर्नर की एक और बात आपके सामने लाना चाहता हूं। एस० जी० पी० सी० का चुनाव हुआ। उसमें श्री गुरचरण सिंह टोहरा प्रधान चुने जाते हैं और हमारे पाण्डे जी उनको मुबारकबाद का तार देते हैं। क्या जरूरत थी। और अगर यह प्रथा डालनी है तो अखिल भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा का चुनाव होगा और पंजाब का आदमी इलेक्ट होगा तो क्या मिस्टर पाण्डे उसको भी टेलीग्राम देंगे और धार्मिक संस्थाओं के चुनाव पर भी टेलीग्राम देंगे ? क्या यह प्रथा गलत नहीं है। क्या यह गलत किस्म की चापलूसी नहीं है ?

अभी 4 दिन पहले का वाकया है। गोल्डन टैंपल की एक रेलवे की एजेंसी है। बाहर कुछ दूकानें बनी हुई हैं। उनमें एक दूकान है वहां पर बुकिंग होती है। कुछ तलवारें चार बोरों में बुक करके जगाधरी भेजे गए। कब से यह हो रहा था पता नहीं। यह तो अचानक एक बोरा फट गया और तलवारें नजर आ गईं। बोरा पकड़ लिया गया। जिस आदमी के नाम था, उसको गिरफ्तार किया गया। तीन और लोगों को भी गिरफ्तार किया गया।

19.43 hrs.

[MR. DEPUTY SPEAKER *in the Chair*]

और गिरफ्तार करते ही छोड़ दिए गए। कोई पूछताछ, कोई इन्वेस्टीगेशन नहीं किया गया। पूछताछ इसलिए नहीं हुई कि जगाधरी के डी० एस० पी० और एस० एच० ओ० को एक वी० वी० आई० पी०, जिनका नाम मैं नहीं लेना चाहता, उनके आर्डर पर ट्रांस्फर कर दिया गया। नए डी० एस० पी० और एस० एच० ओ० फिर कैसे कार्यवाही करते। उनके खिलाफ भी कार्यवाही हो जाती, ट्रांस्फर हो जाता। बोरे कहां से आए, क्या इससे पहले भी इस तरह की बुकिंग हुई है। क्या उनके ऊपर लिखा हुआ था "आर्नामेंटल फ्रेट्स" और कितने बोरे इस तरह के लाए गए हैं।

(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, मैं यह चाहता हूं कि आखिर इस मामले का हल होना चाहिए। अब जहां तक पानी का ताल्लुक है वह तो मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। चण्डीगढ़ और फाजिल्का अबोहर का आपने फैसला किया। या तो आप कहिए कि आपका अवार्ड ठीक है, उसको इंप्लीमेंट किया जाए। अगर गलत है तो उसको रिवाइज कीजिए। कुछ तो कहिए। इसको कब तक लटका कर रखेंगे ? इसको लटकाने के कारण मुल्क को नुक्सान पहुंचा है, मुल्क आग की लपटों में फंसता जा रहा है। मैं चाहता हूं कि आप अकाली दल से बात कर लीजिए, विरोधी दलों से भी बात कर लीजिए, निरंकारियों से भी बात कर लीजिए। ख्वाहमख्वा सैकड़ों बेगुनाओं का खून बहाया जा रहा है। इस चीज का जिस संजीदगी से आदरणीय अध्यक्ष जी ने दो तारीख को कहा था, मेहरबानी

करके उसी संजीदगी से इस मामले को लेते हुए इसमें कुछ कार्यवाही कीजिए ताकि मुल्क को कुछ राहत मिले । मुझे इतना ही कहना है ।

SHRI P.K. KODIYAN : Mr. Deputy Speaker, Sir, I do not know what purpose will be served by this discussion here because the Punjab issue has been discussed here on more than one occasion. Government has failed to respect the sentiments expressed in this House and Government has not come forward to find a satisfactory solution to the Punjab issue.

